





आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




पेज 7 धमाकेदार प्रोजेक्ट का हिस्सा बनेंगी सना

वर्ष : 26 अंक : 265 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 16 सितंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# दिल्ली का अगला CM कौन, हलचल हुई तेज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अरविंद केजरीवाल ने सीएम पद से इस्तीफा देने का एलान के बाद दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा इसको लेकर राजनैतिक हलचल तेज हो गई है। दिल्ली के नए सीएम को लेकर चर्चा चल रही है। आज केजरीवाल के घर पर मनीष सिसोदिया और राघव चड्ढा ने बैठक की। इस दौरान नए सीएम के नाम को लेकर चर्चा हुई।

इस बीच दिल्ली के नए सीएम के तौर पर आप नेता गोपाल राय, आतिशी और मंत्री कैलाश गहलौत के नाम की चर्चा चल रही है। आज शाम आप की पीएसी की बैठक भी है। जिसमें अगले मुख्यमंत्री के नाम पर चर्चा की जाएगी। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल कल (मंगलवार) को इस्तीफा देंगे इसकी घोषणा अरविंद केजरीवाल ने पहले ही कर दी थी।







## साजिश से जनता नाराज : भारद्वाज



"आज सुबह आप नेता सौरभ भारद्वाज ने प्रेसवार्ता की। जिसमें सौरभ भारद्वाज ने कहा 'दिल्ली के लोगों के अंदर ऐसी बेसब्री है। वह कह रहे हैं कि जल्दी चुनाव हों और हम आम आदमी पार्टी को वोट देकर अरविंद केजरीवाल को फिर से मुख्यमंत्री बनाएं। केजरीवाल के जेल से बाहर आने के बाद इस्तीफा देने पर जनता कह रही है कि उन्होंने जेल में इस्तीफा ना देकर अच्छा काम किया। भाजपा द्वारा केजरीवाल के खिलाफ रची गई साजिश से जनता बेहद नाराज है।'

# भारत का हर घर बनेगा ऊर्जा का स्रोत : प्रधानमंत्री

## गांधीनगर में चौथे वैश्विक अक्षय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन का उद्घाटन



**गांधीनगर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पीएम सोलर रूफटॉप योजना के शुभारंभ के बाद से अब तक 1.3 करोड़ से अधिक परिवारों ने इसके लिए पंजीकरण कराया है। पीएम मोदी ने गुजरात के गांधीनगर जिले में चौथे वैश्विक अक्षय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन (री-इन्वेस्ट) 2024 के उद्घाटन समारोह के दौरान यह घोषणा की। उन्होंने यह भी बताया कि सोलर रूफटॉप योजना के शुभारंभ के बाद से 3.75 लाख घरों में स्थापना का काम पूरा हो चुका है।

पीएम मोदी ने कहा कि अब तक 1 करोड़ 30 लाख से अधिक परिवारों ने पीएम सोलर रूफटॉप योजना के लिए पंजीकरण कराया है और 3.75 लाख घरों में स्थापना का काम पूरा हो चुका है। पीएम सोलर रूफटॉप योजना के परिणाम उल्लेखनीय हैं। योजना के लाभों पर प्रकाश डालते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह परिवारों के लिए अतिरिक्त आय का स्रोत बन गया है। यह योजना न केवल उनके उपभोग के लिए बिजली पैदा करती है बल्कि ग्रिड को अतिरिक्त बिजली बेचने के बाद उन्हें सालाना 25,000 रुपये भी प्रदान करती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक छोटा परिवार अगर हर महीने 250 यूनिट बिजली की खपत करता है और 100 यूनिट बिजली ग्रिड को वापस बेचता है तो उसे सालाना करीब 25,000 रुपये की बचत होगी। इस योजना के जरिए रोजगार सृजन की संभावनाओं पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस योजना से ग्रीन जॉब्स में तेजी से बढ़ोतरी होने की उम्मीद है, जिसके लिए हजारों वेंडर की जरूरत होगी। इस योजना के जरिए करीब 20 लाख रोजगार के अवसर पैदा होने का अनुमान है।

उन्होंने कहा कि इस योजना से भारत का हर घर बिजली उत्पादक बनने जा रहा है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सम्मेलन में सरकार, उद्योग और वित्तीय क्षेत्रों के प्रभावशाली लोगों सहित 10,000 से अधिक प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। इस अवसर पर केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन कुमार यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साईं और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी मौजूद थे।

# वंदे मेट्रो रेल का नाम बदला अब 'नमो भारत रैपिड रेल'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रेलवे ने वंदे मेट्रो का नाम बदल कर नमो भारत रैपिड रेल कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने जन्मदिन से एक दिन पहले गुजरात वासियों को देश की पहले नमो भारत रैपिड रेल की सौगात देने जा रहे हैं। रेलवे की तरफ से वंदे मेट्रो का नाम बदल दिया गया है।

आज पीएम मोदी द्वारा वंदे मेट्रो के उद्घाटन से पहले नामकरण किया गया है। इसके बाद अब वंदे मेट्रो को नमो भारत रैपिड रेल के नाम से जाना जाएगा।

भारत में रोजाना करोड़ो यात्री ट्रेन में सफर करते हैं। इसी बीच गुजरात को आज नमो भारत रैपिड रेल की सौगात मिल रही है। यह ट्रेन गुजरात के भुज से अहमदाबाद तक चलेगी। नमो भारत रैपिड मेट्रो का न्यूनतम किराया 30 रुपये है। इसमें जीएसटी भी जुड़ा हुआ है। इसके साथ ही (शेष पृष्ठ-4 पर)



### नमो भारत रैपिड रेल का रूट

पीएम मोदी द्वारा हरी झंडी दिखाए जाने वाली नमो रैपिड मेट्रो रेल कोल्हापुर-पुणे, पुणे-हुबली, नागपुर-सिंदराबाद, आगरा कैंट-बनारस और दुर्ग-विशाखापट्टनम सहित कई अन्य रूट्स पर चलेगी. पीएमओ की प्रेस रिलीज के मुताबिक 20 कोच वाली पहली नमो रैपिड मेट्रो रेल वाराणसी से दिल्ली के बीच चलेगी।

# प्रोपर्टी डीलर से लाखों की ठगी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति के साथ 27 लाख रुपए ठगी का मामला प्रकाश में आया है।




थाना बीटा-2 पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सुनील कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह प्रॉपर्टी डीलर का काम करता है। पीड़ित के अनुसार केशव कुमार पुत्र जगदीश से उसकी पुरानी पहचान है। केशव कुमार ने कहा कि वह ठेकेदारी का काम करता है।

आरोपी ने पीड़ित को अपने जाल में फंसाया तथा साझेदारी में ठेकेदारी करने के नाम पर 27 लाख रुपए ले लिया। पुलिस ने बताया कि पीडित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सोशल मीडिया पर एडिट फोटो डाल किया बदनाम

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना जारचा क्षेत्र में एक व्यक्ति ने उसकी एडिट फोटो सोशल मीडिया पर डाल कर उसके दाम्पत्य जीवन को बर्बाद करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है।



थाना जारचा के प्रभारी निरीक्षक अमित खारी ने बताया कि एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह परिवार के साथ रहते हैं। पीड़ित के अनुसार उनकी शादी वर्ष 2013 में हुई थी। वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ खुशी-खुशी अपना जीवन यापन कर रहे हैं। 18 अगस्त 2024 को विजयनगर गाजियाबाद में रहने वाली उमा नामक महिला ने पीड़ित, उसके बेटे के साथ एक अन्य महिला की फोटो लगाकर अपने स्टेटस पर डाल कर उसे बदनाम किया। तथा यह साबित करने का प्रयास किया कि वह अज्ञात महिला उसकी पत्नी है। इसके अलावा भी ये लोग उसकी पत्नी के उसके गांव के किसी व्यक्ति से अवैध संबंध होने का दुष्प्रचार कर रहे हैं।

पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दीपा, उमा, तथा यश राणा उर्फ बिट्टू के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।



नोएडा कमिश्नरेट की ACP-3 नोएडा द्वारा थाना सेक्टर-113 क्षेत्रान्तर्गत पुलिस बल के साथ बरावफात जुलूस को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत पेट्रोलिंग की गयी व ड्यूटी मे लगे कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# कंपनी में इलेक्ट्रिशियन की करंट लगने से मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** फेस-3 थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-64 में स्थित होंग कोंग टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी प्रबंधन की लापरवाही से एक कर्मचारी की जान चल गई।



युवक बिना सेफ्टी मानकों के बिजली का काम कर रहा था। सेक्टर-64 में होंग कोंग टेक्नोलाजी के नाम से बड़ी कंपनी है। इसमें 21 साल का नौजवान दलीप सिंह काम करता था। सोमवार को वह कंपनी में बिजली का काम कर रहा था, अचानक उसे जोर का करंट लगा और वह बेसुध होकर गिर पड़ा। आसपास काम कर रहे साथ कर्मचारियों ने उसे उठाया और सीपीआर देने की कोशिश की। बाद में उसे अस्पताल भी ले जाया गया, लेकिन युवक की जान को नहीं बचाई जा सकी। सूचना मिलने के बाद फेस-3 थाने की पुलिस मौके पर (शेष पृष्ठ-4 पर)

# सीईओ ने कई सेक्टरों की सुनी समस्याएं, दिया आश्वासन






**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डा. लोकश एम ने आज अपने मातहत अफसरों के साथ सेक्टर-36 के बारातघर में कई सेक्टरों की समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित विभागों के अफसरों को सभी समस्याएं नोट कर निर्धारित अवधि में उसे पूरा करने के निर्देश दिए।

आज की बैठक में सेक्टर-11 आरडब्ल्यूए, धवलगिरि एपार्टमेंट आरडब्ल्यू, सेक्टर-12 एवरग्रीन आरडब्ल्यूए, सेक्टर-12 प्लॉट ओनर्स एसोसिएशन, सेक्टर-14, सेक्टर-15, 15ए, 55, 56, (जनता फ्लैट), 56 प्लॉट ओनर्स, सेक्टर-56ए (जे. ब्लॉक), 17ए, 19, 20, 20डी, 21-25, 26, 27, 27 (एकेएस), 30, (शेष पृष्ठ-4 पर)

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल में चला सदस्यता अभियान



**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर तथा पार्कों में जाकर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी के तहत श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल के मंत्री धर्मेंद्र नन्दा ने मेघदूतम पार्क में तथा अन्य पार्क में जा जाकर लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई। धर्मेंद्र नन्दा ने बताया कि राष्ट्रीय हित में अगर कोई देश हित की और गरीबों पिछड़ों के हित मे अगर कोई पार्टी बात सोचती है तो सिर्फ वह भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। सदस्यता अभियान में ईश गुलाठी, किशोर मोटवानी, सुधाकर दिवेदी व अन्य लोग भी सदस्यता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# ओला बाइक चालक की हादसे में मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-126 क्षेत्र के सेक्टर-94 के पास बीती रात को हुए एक सड़क हादसे में एक ओला बाइक चालक की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। थाना सेक्टर-126 पुलिस ने बताया कि विनय यादव (40 वर्ष) सदरपुर कॉलोनी में रहते थे। वह ओला बाइक चलाते थे। 15 सितंबर की रात को वह अपनी ओला बाइक लेकर सेक्टर-94 मेट्रो स्टेशन के पास से गुजर रहे थे तभी एक अज्ञात वाहन चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को उपचार के लिए पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

# जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-3 क्षेत्र के गढ़ी चौखंडी गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। उनकी पत्नी ने गंभीर हालत में उसे नोएडा के जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई है। थाना फेस-3 पुलिस ने बताया कि नेत्रपाल पुत्र बलवीर उम्र 35 वर्ष गढी- चौखंडी गांव में रहते थे। 15 सितंबर को उन्होंने मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। अत्यंत गंभीर हालात में उन्हें उनकी पत्नी मनीषा ने (शेष पृष्ठ-4 पर)



सेक्टर-62 के पार्क में भूमि पूजन करते श्रीराम मित्र मंडल रामलीला कमेटी के अध्यक्ष डीपी गोयल, महासचिव मुन्ना शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता पं. रवि कांत मिश्रा तथा अन्य पदाधिकारी। यहां 3 अक्टूबर से रामलीला का मंचन होगा।

## केजरीवाल की जमानत

कई महीने जेल में गुजारने के बाद आखिरकार आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल ही गई। लेकिन हरियाणा विधानसभा चुनाव से महज कुछ हफ्ते पहले हुई इस रिहाई की राजनीतिक चश्मे से अलग-अलग व्याख्या की जा रही है। भले ही फैसले से आप ने राहत की सांस ली हो, लेकिन जमानत के विरोध को लेकर सीबीआई की विश्वसनीयता पर भी प्रश्न उठे हैं। शीर्ष अदालत ने केजरीवाल को शराब घोटाले में ईडी द्वारा दर्ज मामले में यह जमानत दी है। हालांकि, अब केजरीवाल हरियाणा में चुनाव लड़ रहे आप उम्मीदवारों के लिये प्रचार करने के लिये स्वतंत्र हैं, लेकिन वे इस मामले के गुण-दोष को लेकर कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं कर सकेंगे। साथ ही सामान्य रूप से वे मुख्यमंत्री के रूप में अपने दायित्वों का भी पालन नहीं कर सकेंगे। बहरहाल, इन सीमाओं और शर्तों के बावजूद उनकी पार्टी राहत की सांस ले सकती है। निस्संदेह, रिहाई से हरियाणा में पार्टी के उम्मीदवारों का मनोबल बढ़ेगा। रिहा होने के बाद केजरीवाल ने कहा भी है कि जेल से आने के बाद मैं सौ गुना ताकतवर महसूस कर रहा हूं। वहीं सीबीआई के लिये यह असहज करने वाली स्थिति है कि मामले की सुनवाई कर रही बेंच के एक न्यायाधीश ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत देने में सीबीआई द्वारा बाधा डालने की बात कही है। वैसे जमीनी हकीकत यह भी है कि इस मुकदमे के निकट भविष्य में निबटने की संभावना कम ही है। बहरहाल, शीर्ष अदालत ने केजरीवाल की रिहाई के आदेश देकर संवैधानिक और कानूनी रूप से सही कदम उठाया है। सार्वजनिक विमर्श में भी यह बात उठती रही है कि एक मुख्यमंत्री व एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के नेता को सामान्य अपराधी की तरह ज्यादा समय तक जेल में नहीं रखा जाना चाहिए। अदालत ने कुछ समय पहले इस मुद्दे को लेकर अपनी राय प्रकट की थी। वहीं दूसरी ओर अदालत ने इस आशंका को भी खारिज किया कि रिहाई के बाद मुख्यमंत्री सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं। बहरहाल, इसके बावजूद केजरीवाल न्यायिक प्रक्रिया के दायरे में हैं। वहीं सवाल सीबीआई की कार्यशैली व विश्वसनीयता को लेकर भी उठे हैं। वैसे भी यदि सीबीआई के पास पुख्ता सबूत थे तो उसे जमानत को लेकर सवाल नहीं उठाने चाहिए थे। जिसके चलते विपक्ष को सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में कार्रवाई करने के आरोप लगाने का मौका मिला। बहरहाल, केजरीवाल की रिहाई के बाद दिल्ली कांग्रेस प्रमुख की तीखी प्रतिक्रिया से कयास लगाये जा सकते हैं कि इस फैसले का असर हरियाणा चुनाव पर पड़ सकता है। राजनीतिक पंडित मानते हैं कि राज्य की जनता में सत्ता विरोधी आक्रोश का जो पूरा लाभ अब तक कांग्रेस को मिलने के आसार थे, उसमें केजरीवाल की सक्रियता से असर पड़ सकता है। एक तो हरियाणा केजरीवाल का गृह राज्य है और दूसरी ओर राज्य में स्टार प्रचारक के रूप में केजरीवाल की सक्रियता आप का जनाधार बढ़ा सकती है। इससे कार्यकर्ताओं का उत्साह भी बढ़ेगा और वे पार्टी प्रत्याशियों को सफल बनाने की कवायद में भी जुट सकते हैं। जिससे भाजपा विरोधी वोटों का बंटवारा हो सकता है। जाहिरा तौर पर हरियाणा में कांग्रेस जिस बड़ी कामयाबी की उम्मीद लगाए बैठी थी, उसके ताजा घटनाक्रम से प्रभावित होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय है कि हरियाणा में सीटों के बंटवारे पर कांग्रेस के साथ सहमति न बनने के कारण आप राज्य की सभी सीटों पर ताल ठोक रही है। यह भी कि 21 मार्च को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद केजरीवाल को कोर्ट ने लोकसभा चुनाव के दौरान जमानत दी थी। उन्हें 26 जून को फिर से सीबीआई द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। तब से वे जेल में ही थे। जमानत पर पांच सितंबर को सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। फिर शुक्रवार को उन्हें जमानत मिली। निश्चित रूप से दिल्ली आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह के बाद केजरीवाल की रिहाई से आप के नेताओं व कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि श्री शंकरजी के हृदय में इस बात को लेकर बड़ी खलबली उत्पन्न हो गई, परन्तु सतीजी इस भेद को नहीं जानती थीं। तुलसीदासजी कहते हैं कि शिवजी के मन में ( भेद खुलने का ) डर था, परन्तु दर्शन के लोभ से उनके नेत्र ललचा रहे थे।। उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**तेहि अवसर भंजन महिभारा। हरि रघुबंस लीन्ह अवतारा॥**
**पिता बचन तजि राजु उदासी। दंडक बन बिचरत अबिनासी॥**

उन्हीं दिनों पृथ्वी का भार उतारने के लिए श्री हरि ने रघुवंश में अवतार लिया था। वे अविनाशी भगवान उस समय पिता के वचन से राज्य का त्याग करके तपस्वी या साधु वेश में दण्डकवन में विचर रहे थे॥

**दो0-हृदयँ बिचारत जात हर केहि बिधि दरसनु होइ।**
**गुप्त रूप अवतरेउ प्रभु गएँ जान सबु कोइ॥**

शिवजी हृदय में विचारते जा रहे थे कि भगवान के दर्शन मुझे किस प्रकार हों। प्रभु ने गुप्त रूप से अवतार लिया है, मेरे जाने से सब लोग जान जाएँगे॥

**संकर उर अति छोभु सती न जानहिं मरमु सोइ।**
**तुलसी दरसन लोभु मन डरु लोचन लालची॥**

श्री शंकरजी के हृदय में इस बात को लेकर बड़ी खलबली उत्पन्न हो गई, परन्तु सतीजी इस भेद को नहीं जानती थीं। तुलसीदासजी कहते हैं कि शिवजी के मन में (भेद खुलने का) डर था, परन्तु दर्शन के लोभ से उनके नेत्र ललचा रहे थे॥

( क्रमशः.. )

# अहम मुद्दों पर उजागर हुई राहुल गांधी की असलियत

लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने के बाद राहुल गांधी ने अमेरिका यात्रा की और वहां भारत विरोधी शक्तियों और समूहों के साथ बैठकर भारत तथा हिंदुत्व विरोधी बयान देकर उजागर कर दिया कि वे लोकसभा में नेता विरोधी दल नहीं वरन भारत विरोधी नेता हैं। मोहब्बत की दुकान का गाना गाने वाले राहुल गांधी नफरत से इतने अधिक भरे हुए हैं कि अपने पूर्वजों के अच्छे विचारों को भी तिलांजलि दे चुके हैं। अमेरिका में राहुल गांधी द्वारा प्रस्तुत विमर्श भारत विरोधी, अलगाववादी, विध्वंसक तथा हिंदुत्व का अपमान करने वाला है। राहुल गाँधी की भाषा हिन्दू देवी देवताओं के प्रति अपमानजनक रही। ऐसा प्रतीत हुआ कि राहुल गांधी वास्तव में शहरी नक्सली हैं और टुकड़े-टुकड़े गैंग के निर्देशक ही उनके सलाहकार हैं।

राहुल गांधी ने अमेरिका में भारत के खिलाफ जो जहर उगला है वह उनकी चुनावी रैलियों से अनवरत चली आ बयानबाजी का विस्तार है। राहुल गांधी ने अमेरिका में एक के बाद एक कई विवादित बयान दिये हैं जिनके कारण भारत का राजनैतिक वातावरण उद्वेलित है। राहुल गांधी ने अमेरिका में चीन की प्रशंसा करते हुए कहा कि वैश्विक उत्पादन में चीन का प्रभुत्व है इसलिए वहां पर बेरोजगारी नहीं है जबकि भारत और अमेरिका जैसे देशों में भयंकर बेरोजगारी है। सिख समुदाय पर भी राहुल ने विवादित और घटिया बयान दिया और कहा, मेरी लड़ाई इस बात को लेकर है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी पहनने की अनुमति दी जाएगी? या एक सिख को कड़ा पहनने की अनुमति दी जाएगी? जो राहुल गांधी लोकसभा चुनाव में यह ढिंढोरा पीटते रहे अगर भाजपा 400 पार चली गयी तो वह संविधान बदल देगी आरक्षण को समाप्त कर देगी उन्हीं राहुल गांधी ने अमेरिका में कहा कि जब भारत भेदभाव रहित स्थान होगा तब कांग्रेस आरक्षण समाप्त करने पर विचार करेगी। अभी ऐसा नहीं है क्योंकि उनकी नजर में 2014 से दलितों आदिवासियों और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को उचित भगीदारी नहीं मिल रही है। राहुल गांधी ने हिंदी पर भी आरोप मढ़ दिया और कह डाला कि अगर आपको लगता है कि आंध्रप्रदेश के लोग हिंदी जितने महत्वपूर्ण नहीं हैं तो यह राज्य के लोगों का अपमान है। राहुल गांधी यहीं नहीं रुके बोलते बोलते राष्ट्रीय स्वंसेवक संघ तक पहुँच गए औए कहा वे मानते हैं कि महिलाएं घर पर ही रहें, रसोई संभालें। सबसे बड़ा झूठ यह बोलकर आये हैं कि भारतीय राजनीति में प्रेम सम्मान और विनम्रता गायब है।

राहुल गांधी ने सिख समुदाय को लेकर जो विवादित बयान दिया है उससे खालिस्तान समर्थक आतंकवादी गुनपतवंतसिंह पन्नू बहत खुश है तथा उनका समर्थन कर रहा है, राहुल के बयानों से खालिस्तान मूवमेंट के समर्थन की बू आ रही है। भारत में पंजाब और पंजाबियत का जो हाल कांग्रेस ने किया है वह किसी से छुपा नहीं है। कौन नहीं जानता कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 3000 सिखों का जो नरसंहार हुआ, जगह जगह दंगो के दौरान सिखों की पगड़ी उतार कर फेकी गई, उनके घर और दुकानों को आग के हवाले किया गया यह सब कुछ गांधी परिवार के नियंत्रण में ही हुआ था और राहुल के पिता राजीव गांधी ने, बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है कहकर उसका बचाव किया था। कांग्रेस के ही शासनकाल में सिख राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के साथ हुआ दुर्व्यवहार पूरा देश जानता है। राहुल गांधी के बयान से भारत का राष्ट्रभक्त सिख समाज आंदोलित और आहत है।

राहुल गांधी ने अमेरिका में एक बड़ा बयान भारत के लोकतंत्र और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता को लेकर भी दिया है। राहुल के अनुसार 2024 का लोकसभा चुनाव निष्पक्ष नहीं था, उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग बीजेपी द्वारा नियंत्रित था। बीजेपी के पास अपार वाली है जिसमें एक अहम मुद्दा आरक्षण का है। राहुल गांधी के आरक्षण समाप्त करने वाले बयान को बसपा नेत्री मायावती ने लपक लिया है और अब वह उसी को हथियार बनाकर हरियाणा व जम्मू कश्मीर सहित आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पर हमला करने जा रही हैं।



**राहुल गांधी ने अमेरिका में भारत के खिलाफ जो जहर उगला है वह उनकी चुनावी रैलियों से अनवरत चली आ बयानबाजी का विस्तार है। राहुल गांधी ने अमेरिका में एक के बाद एक कई विवादित बयान दिये हैं जिनके कारण भारत का राजनैतिक वातावरण उद्वेलित है।**

धन था, प्रशासन की ताकत थी, चुनाव आयोग का रवैया बीजेपी के पक्ष में था अगर निष्पक्ष चुनाव होते तो बीजेपी 240 सीटें जीत ही नहीं सकती थी। यहाँ राहुल गांधी संभवतः भूल गये कि चुनावों के दौरान कांग्रेस द्वारा सत्ता के दुरुप्रयोग की कहानियां भरी पड़ी हैं वो तो भला हो कि धीरे धीरे चुनाव आयोग ने सामर्थ्य दिखाना आरम्भ किया और चुनाव प्रणाली को सुदृढ़ किया।

राहुल गांधी अमेरिका में धुर भारत विरोधी नेताओं के साथ बैठक करते हैं और उनके साथ विचार विमर्श करते हैं। दुनिया भर में राष्ट्रवादी सरकारों के सबसे बड़े दुश्मन और नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले जार्ज सोरोस के साथ उनके और उनकी माता जी के सम्बंध अब छुपे नहीं रह गये हैं। राहुल गांधी की सबसे अधिक विवादित मुलाकात डेमोक्रेट सांसद इल्हान उमर और प्रमिला जयपाल सहित विदेशी सरकारों के तख्ता पलट के विशेषज्ञ माने जाने वाले डोनाल्ड ब्लू से होती है जो बताती है कि राहुल गांधी के इरादे खतरनाक ही नहीं बहुत ही खतरनाक हैं।

राहुल गांधी प्रधानमंत्री का विरोध करते-करते अब देश का ही विरोध करने पर उतारू हो गये हैं। विश्लेषकों का अनुमान है राहुल गांधी की अमेरिका यात्रा और उनकी बयानबाजी उन्हें ही भारी पड़ने

आश्चर्यजनक रूप से राहुल गांधी भारत के शत्रु देशों चीन और पाकिस्तान की निंदा नहीं करते, वह सीमा पार से चलाये जा रहे आतंकवाद का विरोध नहीं करते। राहुल गांधी का स्पष्ट विचार है कि 1947 से पहले भारत का अस्तित्व ही नहीं था। राहुल गांधी अमेरिका में जिस संगठन की ओर से कार्यक्रम आयोजित करते हैं वह सभी जार्ज सोरोस द्वारा पोषित संस्थाएं हैं। साफ है कि राहुल गांधी देश में अराजकता चाहते हैं। जब राहुल गांधी अमेरिका गये तब भारत में सुनियोजित तरीके से एक ही पैटर्न पर गणेशोत्सव पर हमले किये गये। राहुल गांधी अमेरिका में भाजपा व संघ की तुलना तालिबान से करते हुए हिंदुत्व पर प्रहार करते हैं।

राहुल गांधी अपनी विदेश यात्राओं के दौरान हमेशा ही भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों के लिए खाद, पानी उपलब्ध कराते रहते हैं। राहुल गांधी जिस प्रकार चीन और पाकिस्तान की प्रशंसा के पुल बांधते हैं उससे एक बड़ा संदेह और भय पैदा होना स्वाभविक है। उनके मन में हिंदू और हिंदुत्व की विचारधारा के प्रति जिस प्रकार की नफरत भरी हुई है वो बहुसंख्यक समाज के लिए चिंता का विषय है।

**- मृत्युंजय दीक्षित**

## कृषि सुधारों से बढ़ती आर्थिकी

हाल ही में प्रधानमंत्री की अगुआई में हुई केंद्रीय कैबिनेट की मीटिंग में कृषि क्षेत्र से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। इसमें 7 बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन पर कुल 14000 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इनमें से 2817 करोड़ रुपए डिजिटल कृषि मिशन के लिए दिए जाएंगे। वहीं फसल विज्ञान पर 3979 करोड़ रुपए खर्च होंगे। कृषि शिक्षा और प्रबंधन को बेहतर करने के लिए 2291 करोड़ रुपए के प्रोग्राम को मंजूरी दी गई। पशुधन के स्थायी स्वास्थ्य के लिए 1702 करोड़ रुपए के प्लान को मंजूरी दी गई है। पिछले कुछ समय से जीडीपी में कृषि का योगदान घट रहा था। लेकिन मोदी सरकार की हालिया पहल से कृषि क्षेत्र और किसानों को बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है। इस परिप्रेक्ष्य में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ये सात योजनाएं कृषि क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होंगी और कृषि उन्नयन के प्रयासों से आर्थिकी तेजी से आगे बढ़ेगी। गौरतलब है कि 3 सितंबर को विश्व बैंक के द्वारा जारी 'इंडिया डेवलपमेंट अपडेट' रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि क्षेत्र में सुधार व ग्रामीण मांग में तेजी के चलते भारत की विकास दर 7 फीसदी के स्तर पर पहुंचते हुए दिखाई देगी। रिपोर्ट में वृद्धि दर अनुमान को बढ़ाया गया है। मानसून में सुधार, निजी खपत व बढ़ते निर्यात से भी भारतीय जीडीपी को मजबूती मिल रही है। इसमें कोई दोमत नहीं हैं कि सरकार को इस वर्ष जो बेहतर मानसून विरासत में मिला है, उससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था रफ्तार से बढ़ रही है। पूरे देश के कोने-कोने में बेहतर मानसून के लाभ दिखाई देने लगे हैं। बेहतर मानसून से ग्रामीण इलाकों में खपत तेजी से बढ़ रही है।

बढ़ते हुए कृषि उत्पादन और ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति बढ़ी है। ऐसे में भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण अधिक खर्च कर रहे हैं। कृषि संबंधी संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, वरन गांवों में उपभोक्ताओं की खरीददारी भी उच्च स्तर पर है। यह सब ग्रामीण भारत में भविष्य के प्रति उत्साह और वर्तमान के बेहतर परिणामों का प्रतीक है। निस्संदेह सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर ध्यान केंद्रित किया है। कृषि व्यवस्था को ट्रांसफॉर्म करना समय की मांग है। सरकार के द्वारा कृषि व ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। इसी के मद्देनजर इन दिनों प्रकाशित हो रही वैश्विक आर्थिक संगठनों और वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों की रिपोर्टों में भारत में कृषि सेक्टर में सुधार और ग्रामीण खपत में वृद्धि के मद्देनजर भारत की विकास दर के अनुमान बढ़ाए जा रहे हैं। ऐसे में वैश्विक चुनौतियों के बावजूद 2025-26 व 2026-27 में भी भारतीय अर्थव्यवस्था तेज गति से बढ़ेगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और एशियाई विकास बैंक ने भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी के मद्देनजर चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 7 फीसदी कर दिया है। इसी तरह भारत की विकास दर के अनुमानों को ओईसीडी ने 6.2 से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत, स्टैंडर्ड चार्टर्ड ने 6.3 से बढ़ाकर 7 प्रतिशत तथा फिच ने 7 से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत किया है। इसमें कोई दोमत नहीं हैं कि देश में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की चुनौतियों के बीच ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संवारने का रणनीतिक अभियान आगे बढ़ रहा है। गौरतलब है कि कृषि अनुसंधान को बढ़ावा देने के अभियान के तहत 11 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) परिसर के खेतों में जाकर 61 फसलों की 109 नई एवं उन्नत किस्में जारी करते हुए कहा कि इनसे देश में कम जमीन में अधिक पैदावार लेने और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिल सकेगी। इससे महंगाई से भी बचाव होगा।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक वर्ष 2024-25 के बजट के तहत किसानों के कल्याण और कृषि को विकास का इंजन बनाने की रणनीति के तहत किसानों के हित में कृषि व ग्रामीण क्षेत्र की क्षमता के दोहन के जो अभूतपूर्व कदम आगे बढ़ाए गए हैं, उनसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकी जा सकेगी। इस बजट के माध्यम से कृषि सेक्टर के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपए सुनिश्चित किए गए हैं।

बजट के तहत शीघ्र खराब होने वाले सामान की बाजार में समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए इस बजट में प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। बजट के तहत उपभोक्ता मामलों के विभाग को दाम स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के लिए 10000 करोड़ रुपए दिए गए हैं, जहां इस कोष का उपयोग दाल, प्याज और आलू के बफर स्टॉक को रखने के लिए किया जाएगा। निश्चित रूप से सरकार के द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संवारने की डगर पर आगे बढ़ते हुए कई अहम बातों पर ध्यान दिया जाना होगा। सरकार के द्वारा कृषि प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल, कृषि में मशीनीकरण को बढ़ाए जाने, जलवायु अनुकूल कृषि-खाद्य प्रणाली अपनाए जाने, अधिक ग्रामीण कच्ची सडकों को मंडियों से जोडने जैसी नीतिगत प्राथमिकताओं के साथ-साथ आपूर्ति श्रृंखला में सुधार से खाद्य वस्तुओं की महंगाई को नियंत्रित रखने के कारगर प्रयासों की डगर पर लगातार आगे बढना होगा । चूंकि देश में फसल कटाई के बाद की उपयुक्त व्यवस्था न होने से 12 से 14 फीसदी तक खाद्यान्न और करीब 35 फीसदी तक सब्जी और फलों की पैदावार बर्बाद हो जाती है, ऐसे में बजट के तहत इस वर्ष खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के लिए जिस तरह खाद्य भंडारण और वेयरहाउसिंग के लिए ऋणों की राशि दोगुनी सुनिश्चित की गई है, उसके कारगर उपयोग पर ध्यान देना होगा। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार कृषि भंडारण क्षमता वर्ष 2023 में 14.5 करोड़ टन थी। अब उसे वर्ष 2030 तक दोगुना बढ़ाने की रणनीति के साथ आगे बढना होगा।

कृषि भंडारण क्षमता के भौगोलिक स्तर पर उचित वितरण की डगर पर भी सरकार को आगे बढना होगा। जहां उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात, पंजाब और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में तो अधिक भंडारण क्षमता है, वहीं बिहार और मध्य प्रदेश जैसे कई राज्यों में इसकी भारी कमी है। सरकार को इस ओर भी ध्यान देना होगा कि ज्यादातर कोल्ड स्टोरेज में केवल एक ही फसल रखने की व्यवस्था होती है। अन्य फसलों के भंडारण की सुविधा इनमें नहीं होती। इसलिए अब देश भर में भंडारण क्षमता को उन्नत कर इनमें सभी या एक से अधिक कृषि उपज रखने की व्यवस्था की ओर भी ध्यान देना होगा। हम उम्मीद करें कि तीन सितंबर को सरकार ने कृषि क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होने वाली जिन सात योजनाओं तथा 61 फसलों की 109 नई एवं उन्नत किस्मों से किसानों की आय बढ़ाने की जो पहल की है, उसके लाभों और प्रयोग के बारे में किसानों को उपयुक्त रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा। वर्ष 2024-25 के नए बजट से कृषि और ग्रामीण विकास को रफ्तार देने के जो रणनीतिक कदम बताए गए हैं, उनके क्रियान्वयन पर शुरुआत से ही ध्यान दिया जाएगा। इन सबके साथ-साथ सरकार के द्वारा बेहतर मानसून की शक्ति को मुट्ठी में लेकर कृषि सुधारों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा जाएगा। निश्चित रूप से ऐसे में जहां छोटे किसानों व ग्रामीण भारत के करोड़ों लोगों की खुशियां बढ़ेंगी, वहीं ग्रामीण अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगी।

**-डा. जयंती लाल भंडारी**
**विख्यात अर्थशास्त्री**

## राशिफल

भाद्रपद शुक्ल पक्ष : त्रयोदशी

(विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
मन परेशान रहेगा। यात्रा में कष्ट संभव है। आय में उतार-चढ़ाव रहेगा। प्रेम, संतान की स्थिति मध्यम रहेगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
कोर्ट-कचहरी से बचें। सीने में विकार संभव है। पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
राशि- अपमानित होने का भय रहेगा। प्रेम, संतान मध्यम है। स्वास्थ्य लगभग ठीक है। व्यापार ठीक रहेगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
स्वयं के स्वास्थ्य पर और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। नौकरी-चाकरी में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
शत्रुओं पर दबदबा कायम रहेगा। डिस्टर्बेंस रहेगा स्वास्थ्य में। प्रेम, संतान ठीक-ठाक। व्यापार भी अच्छा रहेगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
बच्चों की सेहत को लेकर मन परेशान रहेगा। मानसिक स्वास्थ्य गड़बड़ रहेगा और शारीरिक स्वास्थ्य भी मध्यम है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
घरेलू सुख बाधित रहेगा। नकारात्मक ऊर्जा का संचार दिख रहा है। स्वास्थ्य मध्यम क्योंकि रक्तचाप ऊपर-नीचे हो सकता है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
नाक, कान, गला की परेशानी हो सकती है। प्रेम, संतान, व्यापार बहुत अच्छा रहेगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
स्वास्थ्य मध्यम है। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। धन-हानि के संकेत हैं। जुबान पर नियंत्रण रखिएगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
ऊर्जा का स्तर घटता-बढ़ता रहेगा। थोड़ी सी घबराहट बेचैनी बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
प्रेम में दूरी। बच्चों की सेहत को लेकर मन परेशान। अज्ञात भय सताएगा। सर दर्द, नेत्र पीड़ संभव है।

# हजारों लोगों को दिलवाई भाजपा की सदस्यता



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा सदस्यता अभियान पर गौतमबुधनगर के मंडलों पर भाजपा के हज़ारों कार्यकर्ताओं ने हज़ारों लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलावाई। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में सदस्यता अभियान को गति देने के लिये आए पश्चिम क्षेत्र के उपाध्यक्ष मनोज पोसवाल एवं जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी ने बिसरख दादरी नगर में विशेष रूप से सदस्यता कराई। पश्चिम क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोज पोषवाल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता बूथ पर जाकर 300 से 400 तक 8800002024 पर मिस्ड कॉल कराकर भाजपा के सदस्य बनाने के कार्य में लगे।

जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता ऐतिहासिक भाजपा के सदस्य बनाने का काम करेंगे जनपद गौतमबुधनगर का नाम सबसे अधिक भाजपा के सदस्य बनाने के रिकॉर्ड कार्यक्रम में लगेंगे। इस अवसर पर मुख्यरूप से गीता पंडित, अध्यक्ष दादरी नगर पालिका सेवानंद शर्मा, पवन नागर, धर्मेंद्र कोरी, इंद्र नागर, रवि जिन्दल, कर्मवीर आर्य, पूजा गंगनिया, दादरी नगर अध्यक्ष राजीव सिंघल, रवि जिंदल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेश गोयल, ईश्वर वर्मा, मनीष भाटी, बीडीसी अमित जैन, मनोज वर्मा, दिनेश पंडित आदि दर्जनों कार्यकर्ता सदस्यता अभियान पर उपस्थित रहे।

# किसान एकता संघ ने चलाया जन जागरण अभियान

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** किसान एकता संघ संगठन के कार्यकर्ताओं ने एनपीसीएल की तानाशाही के खिलाफ 19 सितम्बर को तुगलपुर ऑफिस पर होने वाली महापंचायत को सफल बनाने के लिए कुलेसरा, सैनी, सुनपुरा, मलकपुर, आदि गांवों में जन जागरण अभियान चलाया।

इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष शेरू प्रधान ने कहा कि एनपीसीएल की तानाशाही को बर्दाश्त नही किया जाएगा किसानों, मजदूरों पर फर्जी बिजली चोरी के मुकदमे लिख कर परेशान किया जा रहा है। समय से बिजली आपूर्ति नही दी जा रही है। किसानों को सिंचाई के लिए बिजली फ्री नही दी जा रही है, डूब क्षेत्र में बसी कालोनियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। उनको ना तो कनेक्शन दिए जा रहे है। अगर कनेक्शन है तो बिजली आपूर्ति नही दी जा रही है। एनजीटी का बहाना लगाकर उन्हें बरगलाया जा रहा है। आज डूब क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा लोगों से जनसंपर्क किया और 19 सितम्बर को होने वाली महापंचायत को सफल बनाने के लिए लोगों ने भरपूर समर्थन दिया और




कहा की ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर एनपीसीएल की मनमानी को रोकने का काम करेंगे।

इस मौके पर सोरन प्रधान, प्रमोद शर्मा, सतीश कनारसी, प्रिन्स पंडित, विक्रम नागर, अखिलेश प्रधान, पप्पे नागर, उम्मेद एडवोकेट, जीते, मनीष नागर, एकराम तोमर, नरेश राठौर, प्रभाकर, महेन्द्र प्रधान, टोडर प्रधान, जगदीश, गंभीर भाटी, नरेन्द्र, सुशील, सल्लन खान, आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# यूपीपीसीएल के साथ भाकियू की हुई बैठक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन की एक बैठक यूपीपीसीएल के मुख्य अभियंता के साथ हुई। बैठक में क्षेत्र के किसानों की बिजली की समस्याओं को कम करने के लिए भारतीय किसान यूनियन पश्चिमी उत्तरप्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना ने अधिकारियों को किसानों की समस्याएं बताई, जिसमें बिजली रीडिंग से बिल बहुत ज्यादा आ रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों के जो पुराने कनेक्शन हैं, उनके नाम ट्रांसफर का कोई चार्ज ना लिया जाए. जिन किसानों पर गलत तरीके से चोरी के मुकदमे लगे हैं, उसको तुरंत समाप्त करना चाहिए. जिलाध्यक्ष रोबिन नागर ने बताया कि जिन किसानों ने काफी दिनों से बिजली के बिल नहीं भरे हैं, उस पर ब्याज एवं पेनल्टी को माफ किया जाए और साथ ही जर्जर तार बदले जाएं।

नलकूपों पर मीटर न लगाए जाएं। ग्रामीणों के कनेक्शन पर



ज्यादा बिल होने पर कनेक्शन नहीं कटेंगे और उन लोगों से किश्तों में बिल लिया जाए। सभी अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना एवं नोट किया। उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों ने कुछ समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया व बची हुई समस्याओं का भी जल्द से जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया है। बैठक में संगठन के पदाधिकारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश संरक्षक सुबेराम मास्टर, प्रदेश प्रवक्ता राजीव मालिक, एनसीआर अध्यक्ष मटरू नागर, मंडल महासचिव अनित कसाना, एनसीआर अध्यक्ष उत्तर प्रदेश धर्मपाल जाटव,अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग लाला यादव, युवा जिलाध्यक्ष ललित चौहान, सदर तहसील अध्यक्ष विनोद शर्मा, जगत प्रधान, भगतसिंह प्रधान तुगलपुर, बेलीराम भाटी, चंद्रपाल बाबूजी, राजेंद्र चेची, खादरनेता अमित डेढ़ा, संदीप चपराना, गुलफाम नेता, अरविंद लोहिया, सुभाष सिलारपुर, देवीराम प्रधान, कपिल तंवर, इदरीश चेची आदि सहित दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

## सीताराम येचुरी की अंतिम यात्रा में उमड़ा जन सैलाव



**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद कामरेड सीताराम येचुरी की अंतिम विदाई/ दर्शन के लिए पार्टी मुख्यालय ए के जी भवन नई दिल्ली पर पार्टी व जन संगठनों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और समर्थकों/ चाहने वाले का जन सैलाब उमड़ पड़ा। लोगों ने कामरेड सीताराम येचुरी अमर रहे, कामरेड सीताराम को लाल सलाम, कामरेड सीताराम यह पैगाम जारी रखना है संग्राम के गगनभेदी नारों के साथ नम: आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। नोएडा से सीपीआई(एम) जिला प्रभारी व सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, पार्टी जिला सचिव व किसान सभा जिलाध्यक्ष कामरेड रुपेश वर्मा, सीटू नेता रामसागर, पूनम देवी, राम स्वारथ, धर्मेंद्र गौतम, सुनील पंडित, अंकुश ठाकुर, सागर, शकील, नरेंद्र पांडे, शुभम, जनवादी महिला समिति के नेता चंदा बेगम आदि के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# सीताराम जेएनयू को दी श्रद्धांजलि



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान सभा इकाई के लोग कामरेड सीताराम के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि देने एकेजी भवन नई दिल्ली पहुंचे। कामरेड सीताराम ने अपनी देह एम्स को दान की है हजारों की संख्या में नेताओं कार्यकर्ताओं ने उन्हें अपने श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी देह को एम्स ले जाकर सौपा। सीपीएम के जिला सचिव डॉक्टर रुपेश वर्मा ने श्रद्धांजलि प्रकट करते हुए कहा कि कामरेड सीताराम आजीवन मजदूर किसानों की आवाज बुलंद करते रहे हमेशा लोकतंत्र धर्मनिरपेक्षता सामाजिक न्याय का झंडा बुलंद रखा। कामरेड सीताराम जेएनयू के तीन बार छात्र संघ अध्यक्ष रहे सीबीएसई के टॉपर रहे। बहुत कम नेता ऐसे थे जो उनके बराबर अध्ययन करते थे और उतनी गहराई से मुद्दों को रखते थे सीताराम दो बार राज्यसभा के सांसद भी रहे उनके जाने से भारतीय राजनीति में अपूरणीय क्षति हुई है लेफ्ट की राजनीति को उनके जाने से भारी नुकसान हुआ है। कामरेड सीताराम को मेहनतकश तबका हमेशा याद रखेगा।

श्रद्धांजलि देने वालों में किसान सभा जिला के संयोजक वीर सिंह नागर, नितिन चौहान, गवरी मुखिया, जोगिंदर प्रधान, अजब सिंह, नेताजी सुरेश यादव, रजे सिंह यादव, मनोज यादव, एडवोकेट विनोद भाटी उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण का हुआ समापन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई 24 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण का समापन समारोह उच्च प्राथमिक विद्यालय लुक्सर, ब्लॉक दनकौर में किया गया। विद्यालय में आत्मरक्षा प्रशिक्षण गीता भाटी द्वारा दिया गया।

कार्यक्रम में आत्मरक्षा हेतु सभी तकनीकियों को बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत व महिलाओं के हित में सभी हेल्पलाइन नंबर आदि को किस तरह से हमें इनका समय आने पर प्रयोग करना चाहिए नाटक आदि गतिविधि के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर व स्वागत गान के साथ की गई बालिकाओं को सर्टिफिकेट मेडल गिफ्ट आदि देकर उन्हें सम्मानित किया गया। सभी आदरणीयगणों के द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के हित में अपने अपने विचार प्रस्तुत किए व सभी बालिकाओं को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। आज उच्च प्राथमिक विद्यालय लुक्सर में हिन्दी दिवस भी बडी धूम धाम से मनाया गया।

इस शुभ अवसर पर जब बिजेंद्र सिंह आर्य जी को पता लगा कि सतीश पीलवान उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ दनकौर के ब्लॉक अध्यक्ष बने हैं तो उन्होंने सतीश पीलवान को गले में पटका पहनाकर और एक जेड पौधा देकर शुभकामना और




आशिर्वाद दिया।

कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि आर्य दीप पब्लिक स्कूल के संस्थापक बिजेंद्र आर्य, हरेन्द्र भाटी एक्टिव सिटीजन टीम के कार्यकर्ता, रश्मि राजपूत एस आई इकोटेक थाना 1, महिला कांस्टेबल रीना , गांव से करन सिंह सहित गणमान्य लोग एवम अभिभावक,विद्यालय की ओर से संतोष नागर विद्यालय प्रभारी, सतीश पीलवान ब्लॉक अध्यक्ष दनकौर, मीनू चौधरी, आशुतोष सिंह, ज्योति, अनिता, पूनम, कविता और उमेश आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# भोलानाथ कुशवाहा के लेखन में उनकी पत्नी का खास योगदान है : प्रो रेनूरानी सिंह

## स्व हीरामनी देवी की स्मृति में कवि सम्मेलन आयोजित

**मिर्जापुर ( चेतना मंच )।** हिन्दी श्री साहित्य संस्थान के सौजन्य से स्व श्रीमती हीरामनी देवी की स्मृति में कल शहीद उद्यान नारघाट में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि श्रीमती हीरामनी देवी वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा की धर्मपत्नी थी जिनका निधन गत 6 अगस्त 24 को हो गया था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केबी पीजी कालेज की हिन्दी विभाग की पूर्व अध्यक्ष प्रो रेनूरानी सिंह थी। वरिष्ठ साहित्यकार गणेश गम्भीर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम का प्रारम्भ पूर्व विधायक भगवती चौधरी द्वारा श्रीमती हीरामनी देवी के चित्र पर पुष्पांजलि से हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि, अध्यक्ष व मंचासीन अतिथियों के साथ परिवार के लोगों सर्वश्री ज्ञानदास मौर्य, सावित्री देवी, दिनेश मौर्य, शशि मौर्य, आशीष मौर्य,अंजली मौर्य, संजय मौर्य, साधना मौर्य, सान्वी मौर्य



आदि ने पुष्पांजलि अर्पित की।

अपने वक्तव्य में मुख्य अतिथि प्रो रेनूरानी सिंह ने पुरानी स्मृतियों को याद करते हुए कहा कि हीरामनी देवी ने एक कुशल गृहणी के रूप में सहयोग कर कुशवाहा जी को पत्रकारिता के साथ साहित्य लेखन के लिए प्रेरित किया।उनके लेखन में उनकी पत्नीका विशेष योगदान रहा है। गणेश गम्भीर ने कहा कि इनकी पत्नी कवि गोष्ठियों में बहुत आत्मीयता के साथ अतिथि सत्कार करती थीं। लल्लू तिवारी ने कहा कि निधन से कुछ दिन पूर्व घंटाघर चैराहे के समीप मिलीं थी और कहा कि आज मिल ल, कौनों दिन धीरे से निकल जाब तब खोजब। कार्यक्रम का संचालन अरविन्द अवस्थी ने कुशलता से किया।

कार्यक्रम का प्रारंभ पूजा यादव की सरस्वती वन्दना से हुआ। काव्य पाठ करने वाले कवियों में सर्वश्री गणेश गम्भीर, लल्लू तिवारी, भोलानाथ कुशवाहा, अरविन्द अवस्थी, संदीप बालाजी, प्रतिमा शर्मा पुष्प, चंद्रकांत भ्रमर, केदार नाथ सविता, मुहिब मिर्जापुरी, श्याम अचल, जगदीश पांडेय, कुलभूषण पाठक, शिव प्रसाद द्विवेदी, नंदलाल सिंह चंचल, त्रियोगी मिट्ठू , खुर्शीद भारती, आनन्द अमित, लालव्रत सिंह सुगम, नंदिनी वर्मा, इला जायसवाल, पूजा यादव, प्रमोद चंद्र गुप्त, नारायण उपाध्याय, विजय गुप्ता , मयंक प्रजापति, इरफान कुरैशी आदि थे। वरिष्ठ शायर जफर मिर्जापुरी की गजल को पढ़कर सुनाया गया।

इस कार्यक्रम में शामिल विशिष्ट लोगों में सर्वश्री राजपति ओझा, सुनील कुमार पांडेय, आनन्द केशरी, अमरनाथ सिंह आदि थे।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# ईद-उल-मिलाद का त्योहार धूमधाम से मना : नादिर





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** आज ईद-उल-मिलाद के मौके पर जनपद के कई कस्बों में जुलूस निकाला गया। इस मौके पर मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष कुंवर नादिर शाह ने जुलूस में शामिल होकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। जिला अध्यक्ष कुंवर नादिरशाह ने समाज के लोगों को ईद उल मिलाद की बधाई देते हुए कहा कि आज हम इस ईद उल मिलाद को एक त्यौहार के रूप में मनाते हैं। उन्होंने कहा कि एक ईद-उल-मिलाद समाज को एक सूत्र में बांधने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि आज पूरे गौतम बुद्ध नगर के सभी कस्बों एवं गांव में समाज के लोगों द्वारा ईद मिलाद का त्यौहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी और सुरक्षा की भी कर-पान व्यवस्था रही ईद उल मिलाद के मौके पर दनकौर बिलासपुर रबूपुरा ककोड़ दादरी सूरजपुर हल्दौनी सहित अन्य कस्बों में में ईद-उल-मिलाद का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया।



ईद उल मिलाद के मौके पर दनकौर कस्बे में एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार पुलिस टीम के साथ जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए

## मैक्स हेल्थकेयर की झोली में आई दिग्गज कंपनी, 1660 करोड़ रुपये में डील फाइनल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट ने 1660 करोड़ रुपये में जेपी समूह की दिवालिया कंपनी जेपी हेल्थकेयर को खरीदने का ऐलान किया है। मैक्स हेल्थकेयर इस कंपनी में 64 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। मैक्स हेल्थकेयर ने शेयर बाजार को बताया कि उसने जेपी हेल्थकेयर लिमिटेड (जेएचएल) के प्रवर्तकों लक्षदीप समूह के साथ एक रणनीतिक समझौता किया है, जो कंपनी दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) से गुजर रही है। कंपनी ने कहा कि सहयोग और प्रस्तावित अधिग्रहण से मैक्स हेल्थकेयर को जेएचएल में एक नियंत्रक हिस्सेदारी मिलेगी। इसमें जेएचएल की प्रमुख संपत्ति नोएडा स्थित 500 बिस्तरों वाला जेपी अस्पताल भी शामिल है। मैक्स जेएचएल के वित्तीय लेनदारों के स्वीकृत दावों का री-पेमेंट करेगी। बता दें कि फोर्टिस हेल्थकेयर, अपोलो हॉस्पिटल्स, मेदांता और मैक्स हेल्थकेयर उन आधा दर्जन कंपनियों में शामिल हैं, जिन्होंने जेपी हेल्थकेयर को खरीदने में रुचि दिखाई थी। केयर रेटिंग्स की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक जेसी फ्लावर्स एआरसी, बैंक ऑफ बड़ौदा, एक्जिम बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी ऑफ इंडिया (आर्किल) जेपी हेल्थकेयर लिमिटेड के लेंडर्स में से हैं। जेपी हेल्थकेयर लिमिटेड पर कुल कर्ज (ब्याज सहित) लगभग 1000 करोड़ है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में मैक्स हेल्थकेयर इंस्टिट्यूट का प्रॉफिट मामूली रूप से बढ़कर 295 करोड़ रुपये हो गया है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का प्रॉफिट 291 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी की कुल आमदनी जून तिमाही में बढ़कर 2028 करोड़ रुपये हो गई है, जो बीते वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 1719 करोड़ रुपये थी। मैक्स हेल्थकेयर के शेयर की बात करें तो 908.70 रुपये का है। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर की कीमत में 0.43 प्रतिशत की गिरावट आई। 21 जून 2024 को शेयर 979.80 रुपये तक गया था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई था।

## एक और एनर्जी कंपनी का आ रहा आईपीओ, सोलन पैनल का कारोबार, गुजरात में हेडक्वार्टर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते कुछ महीनों में एनर्जी सेक्टर की कई कंपनियों ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लॉन्च कर शेयर बाजार में लिस्टिंग की है। इस कतार में एक और एनर्जी कंपनी शामिल हो गई है। कंपनी का नाम सोलारियम ग्रीन एनर्जी है। इस कंपनी ने आईपीओ लॉन्च करने के लिए बीएसई के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। यह कंपनी एसएमई आईपीओ की तैयारी कर रही है, जिसमें 55,00,000 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री शामिल है। हालांकि, कंपनी ने अभी तक इश्यू साइज का खुलासा नहीं किया है। आपको बता दें कि बीते कुछ महीनों से कंपनियां विस्तार योजनाओं के लिए कैपिटल जुटाने, कर्ज चुकाने, वर्किंग कैपिटल जरूरतों को पूरा करने के अलावा मौजूदा शेयरधारकों को कंपनी से बाहर निकलने का मौका देने के लिए प्राइमरी मार्केट का उपयोग कर रही हैं। सोलारियम ग्रीन एनर्जी एक स्पेशल टर्नकी सॉल्यूशन कंपनी है। यह कंपनी इंजीनियरिंग, डिजाइन, परचेज, टेस्टिंग, इंस्टॉलमेंट, कमीशनिंग, ट्रांसमिशन सिस्टम और ओएंडएम सर्विस प्रोवाइड करती है। इश्यू से प्राप्त आय का उपयोग वर्किंग कैपिटल जरूरतों को पूरा करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों को संबोधित करने के लिए किया जाएगा। 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान सोलारियम ग्रीन एनर्जी ने 177.81 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया, जिसमें 23.77 करोड़ रुपये का परिचालन लाभ और 15.59 करोड़ रुपये का प्रॉफिट था।

# सिर्फ 7 दिनों में मिलेगी सब्सिडी! पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में आवेदकों को नहीं करना होगा लंबा इंतजार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आवेदन करने वालों को सब्सिडी के लिए अब ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा। हमारे सहयोगी इकॉनमिक टाइम्स के मुताबिक इस योजना के तहत सब्सिडी अब 7 दिनों में मिल सकती है। सरकार इस पर काम कर रही है। अभी तक सब्सिडी वितरण होने में एक महीने का समय लगता है। अगर यह 7 दिन हो जाता है तो इससे इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदकों को लंबा इंतजार नहीं करना होगा। इस योजना को फरवरी में लॉन्च किया गया था। तब से अब तक इस योजना के तहत 18 लाख आवेदन आ चुके हैं। वहीं 1.30 करोड़ लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

एक सरकारी अधिकारी के मुताबिक वर्तमान में सरकार सब्सिडी दावों को एक महीने के भीतर निपटाने में सक्षम है। यह पहले की रूफटॉप सोलर योजना के मुकाबले ज्यादा है। आने वाले महीनों में इस योजना में पेमेंट के लिए भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम को शामिल किया जाएगा। इससे चेक और बैंक खातों के मिलान की जरूरत खत्म हो जाएगी। इस कदम से भी सब्सिडी वितरण में लगने वाले समय को कम करने में मदद मिलेगी।



### अभी तक 3.85 लाख इंस्टॉलेशन

नेशनल पोर्टल के माध्यम से सब्सिडी के पेमेंट के लिए बैक-एंड इंटिग्रेशन में भी तेजी लाई जा रही है। अधिकारी ने कहा कि अभी पेमेंट की पूरी चेन में कुछ बैक-एंड इंटिग्रेशन की कमी है। एक बार जब यह चेन पूरी हो जाएगी तो समय में काफी कमी आएगी। योजना के शुरू होने के बाद से अब तक कुल 3.85 लाख इंस्टॉलेशन किए जा चुके हैं।

### क्या है पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना

इस योजना के तहत 300 यूनिट तक बिजली फ्री मिलती है। इसमें आवेदक के घर की छत पर सोलर पैनल लगाया जाता है। इसके खर्च में सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाती है। इससे आवेदक के घर का बिजली बिल लोड काफी कम हो जाता है। इस योजना से पर्यावरण को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है। इस योजना का लाभ लेने के लिए सालाना आय 1.5 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### कितनी मिलती है सब्सिडी

इस योजना के तहत सोलर रूफटॉप लगवाने का खर्च करीब 65 हजार रुपये आता है। हालांकि ज्यादा किलोवाट के हिसाब से यह खर्च ज्यादा भी हो सकता है। इस पर केंद्र सरकार की ओर से सब्सिडी भी दी जाती है। यह सब्सिडी सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाती है। इससे सोलर रूफटॉप लगवाने का अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं उठाना पड़ता। कुछ राज्य भी अपने नागरिकों को केंद्र से अलग सब्सिसडी देते हैं। इस योजना के तहत केंद्र सरकार की ओर से सब्सिडी इस प्रकार मिलती है-

# एफडी पर सबसे ज्यादा ब्याज दे रहे हैं 5 बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कुछ छोटे बैंक अब भी फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर 9 फीसदी तक ब्याज दे रहे हैं। यह उन लोगों के लिए अच्छी खबर है जो बिना बहुत रिस्क लिए अपनी पूंजी बढ़ाना चाहते हैं। लेकिन, यह ऑफर सिर्फ तीन साल की एफडी पर है। इसमें एक और कंडीशन है। यह उन लोगों के लिए है जिनकी उम्र 60 साल से कम है। आइए, यहां उन बैंकों के बारे में जानते हैं जो एफडी पर सबसे ज्यादा ब्याज दे रहे हैं।



### नॉर्थईस्ट स्मॉल फाइनेंस बैंक

अगर आप 3 करोड़ रुपये से कम की एफडी कराते हैं तो नॉर्थईस्ट स्मॉल फाइनेंस बैंक सबसे ज्यादा 9 फीसदी ब्याज दे रहा है।

### सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक

नॉर्थईस्ट स्मॉल फाइनेंस बैंक के बाद सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक एफडी पर शानदार ब्याज दे रहा है। सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस फिक्स्ड डिपॉजिट पर 8.6 फीसदी ब्याज की पेशकश कर रहा है।

एफडी पर सबसे ज्यादा ब्याज दे रहे बैंक

| बैंक का नाम | ब्याज दर (प्रतिशत) |
|---|---|
| नॉर्थईस्ट स्मॉल फाइनेंस बैंक | 9.00 |
| सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक | 8.60 |
| उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक | 8.50 |
| जन स्मॉल फाइनेंस बैंक | 8.25 |
| यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक | 8.15 |

### उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक तीन साल में मैच्योर होने वाले एफडी पर 8.5 प्रतिशत ब्याज दे रहा है।

### जन स्मॉल फाइनेंस बैंक

जन स्मॉल फाइनेंस बैंक की ब्याज दरें भी 8.25 फीसदी से ज्यादा हैं। बैंक तीन साल के फिक्स्ड डिपॉजिट पर 8.25 फीसदी की पेशकश कर रहा है।

### यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक

यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक तीन साल में मैच्योर होने वाले फिक्स्ड डिपॉजिट पर 8.15 प्रतिशत ब्याज दे रहा है। इसके जरिये बैंक ज्यादा ग्राहकों को एफडी के लिए लुभाना चाहता है।

### क्या आपको इन बैंकों में एफडी करना चाहिए

बेशक, ये छोटे बैंक एफडी पर शानदार ब्याज की पेशकश कर रहे हैं। लेकिन, इनमें पैसा रखना थोड़ा ज्यादा जोखिम भरा हो सकता है। एक्सपर्ट्स कहते हैं कि आपको अपना पैसा सोच-समझकर लगाना चाहिए। इन बैंकों के मामले में सिर्फ उतना ही पैसा फिक्स कराना चाहिए जितना कि डीआइसीजीसी कवर करता है। डीआइसीजीसी यानी डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन हर खाते में 5 लाख रुपये तक की सुरक्षा देता है।

# बिगड़ सकता है किचन का बजट, त्योहारी सीजन में बढ़ेंगे तेलों के दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले कुछ दिनों में त्योहारी सीजन के दौरान आम लोगों को खाद्य तेलों की बढ़ी कीमतों का सामना करना पड़ सकता है। सरकार ने विभिन्न खाद्य तेलों पर कस्टम ड्यूटी बढ़ा दी है, जिसका असर कीमतों पर दिख सकता है।



एक रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने क्रूड और रिफाइंड सनफ्लावर ऑयल समेत कुछ अन्य खाद्य तेलों पर कस्टम ड्यूटी को बढ़ाने का निर्णय लिया है। रिपोर्ट में वित्त मंत्रालय के एक नोटिफिकेशन के हवाले से बताया गया है- क्रूड व रिफाइंड पॉम ऑयल, सोयाबीन तेल और सनफ्लावर सीड ऑयल पर बेसिक कस्टम ड्यूटी (बीसीडी) बढ़ा दी गई है। ये बदलाव शनिवार (14 सितंबर) से लागू हो गए हैं। क्रूड पॉम ऑयल, क्रूड सोयाबीन तेल और क्रूड सनफ्लावर सीड ऑयल पर बेसिक कस्टम ड्यूटी अब 20 प्रतिशत है, जो पहले शून्य थी। वहीं रिफाइंड सनफ्लावर सीड ऑयल, रिफाइंड पॉम ऑयल और रिफाइंड सोयाबीन तेल पर बेसिक कस्टम ड्यूटी अब 32.5 प्रतिशत है, जो पहले 12.5 प्रतिशत थी। कस्टम ड्यूटी की वृद्धि के बाद प्रभावी शुल्क दर क्रूड तेलों के लिए 5.5 प्रतिशत से बढ़कर 27.5 प्रतिशत हो गई है, और रिफाइंड तेलों के लिए 13.75 प्रतिशत से बढ़कर 35.75 प्रतिशत हो गई है। विभिन्न खाद्य तेलों पर कस्टम ड्यूटी में ऐसे समय बढ़ोतरी की गई है, जब अगले कुछ दिनों में देश में त्योहारों का सिलसिला तेज होने वाला है। अभी सितंबर महीना आधा बीत चुका है। अगले महीने यानी अक्टूबर की शुरुआत में नवरात्रि व दशहरा जैसा त्योहार आ रहा है।

## मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं कि मुझे बहुमुखी किरदार की पेशकश की: राठौड़

**मुंबई, एजेंसी।** जब सामाजिक बंटवारा किसी सपने देखने वाले मन को समाज की बेड़ियों में कैद करने की कोशिश करता है, तो 'मुझे हक है...' की भावना हथौड़ा बनकर उन सामाजिक ज़ंजीरों को तोड़ देती है और इन बाधाओं से ऊपर उठने के अधिकार को पुनः प्राप्त कर लेती है। कलर्स प्रस्तुत करता है 'दुर्गा', एक आदिवासी लड़की की प्रेरणादायक प्रेम गाथा जो मेडिकल की फील्ड करियर बनाने के लिए सामाजिक मानदंडों को चुनौती देती है, और राजवंशी उत्तराधिकारी अनुराग के लिए प्यार करती है, जबकि उसे शक्तिशाली आदिवासी महिला पानी बाई के प्रबल विरोध का सामना करना पड़ता है। दुर्गा की भूमिका में प्रणाली राठौड़, पानी बाई के रूप में इंदिरा कृष्णन और अनुराग के किरदार आशय मिश्रा अभिनीत, और मैजिक मोमेंट्स मोशन पिक्चर्स द्वारा निर्मित, 'दुर्गा' का प्रीमियर 16 सितंबर को होगा और हर दिन शाम 7.40 बजे केवल कलर्स पर प्रसारित होगा। शीर्षक भूमिका निभाने के बारे में बात करते हुए, प्रणाली राठौड़ कहती हैं, मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं कि लीना जी, सैबाल दा और चैनल ने मुझे इतने मजबूत और बहुमुखी किरदार की पेशकश की। यह भूमिका मेरे लिए खास है क्योंकि दुर्गा ऐसी शक्ति है, जिसका नाम उस प्रबल देवी के नाम पर रखा गया है, जो हम सभी के लिए पूज्यनीय है। दुर्गा का किरदार ऐसी सशक्त कबीली लड़की का है जिसकी भावनाओं और संघर्षों से हर महिला या लड़की जुड़ सकती है। पीढ़ियों से चले आ रहे भेदभाव और सदियों से जारी सामाजिक बंटवारे को खत्म करने के लिए बहुत कुछ करना पड़ता है।

# 16 की उम्र में शादी, घर में 5,000 रुपये से शुरू किया काम, आज 8,244 करोड़ का साम्राज्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साल 1974 की बात है। दिल्ली के रणजीत नगर में एक साधारण घर से असाधारण कहानी का आगाज हुआ। ऐसी कहानी जिसने न सिर्फ एक सफल बिजनेस को जन्म दिया बल्कि हजारों महिलाओं को सशक्त बनाने का काम भी किया। यह कहानी है सरला आहूजा की, जिन्होंने महज 5,000 रुपये से शाही एक्सपोर्ट्स की नींव रखी और उसे 8,244 करोड़ रुपये का साम्राज्य बना दिया। आज शाही एक्सपोर्ट्स जीएपी, एच एंड एम, ज़रा औरयू वॉलमार्ट जैसे बड़े-बड़े ब्रांडों को कपड़े सप्लाई करता है। इस कंपनी ने 86,000 से भी ज्यादा महिलाओं को रोजगार दिया हुआ है। आइए, यहां सरला आहूजा की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।



### फैक्ट्री में कयिा सिलाई का काम

कहानी की शुरुआत होती है विभाजन के दर्द से। 10 साल की उम्र में ही सरला आहूजा को अपना घर छोड़ना पड़ा। वह मूल रूप से पाकिस्तान के सिंध की रहने वाली हैं। विस्थापन के दर्द ने उन्हें तोड़ कर रख दिया था। लेकिन, इस मुश्किल घड़ी में भी उनके अंदर उम्मीद की किरण बाकी थी। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण सरला को कम उम्र में ही काम करना पड़ा। उन्होंने एक फैक्ट्री में सिलाई का काम शुरू किया। 16 साल की उम्र में शादी के बाद घरेलू जिम्मेदारियां बढ़ गईं और उन्हें नौकरी छोड़नी पड़ी। लेकिन, सरला ने हार नहीं मानी। दो साल तक कड़ी मेहनत करके पैसे जोड़े और 1974 में महज 5,000 रुपये से शाही एक्सपोर्ट्स की शुरुआत अपने ही घर से की। शुरुआती दौर में सरला आहूजा को बहुत सी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पड़ोसियों की शिकायतें और काम का दबाव सब कुछ झेलते हुए सरला ने अपनी मेहनत नहीं छोड़ी। कई बार तो उन्हें रात भर जागकर ऑर्डर पूरे करने पड़ते थे। धीरे-धीरे उनका बिजनेस बढ़ने लगा। जल्द ही वह सीधे अमेरिका और यूरोप में अपने कपड़े एक्सपोर्ट करने लगीं। ऐसे समय में जब महिलाओं को इतनी आजादी नहीं थी, सरला ने अपने आसपास की महिलाओं को सशक्त बनाने का बीड़ा उठाया। वह पास की झुग्गी बस्तियों में जातीं और महिलाओं को अपने साथ काम करने के लिए प्रेरित करतीं। कई बार तो उन्हें विरोध का सामना भी करना पड़ा।

### हजारों महिलाओं को बनाया सशक्त

90 के दशक में सरला के बेटे हरीश और सुनील आहूजा भी बिजनेस में शामिल हो गए। उनकी मेहनत और दूरदर्शिता से शाही एक्सपोर्ट्स ने और भी तरक्की की। लेकिन, सरला के लिए सिर्फ मुनाफा कमाना ही मकसद नहीं था। वह महिलाओं को सशक्त बनाना चाहती थीं। 2007 में शाही एक्सपोर्ट्स की ओर से शुरू किए गए पर्सनल एडवांसमेंट एंड करियर एनहांसमेंट प्रोग्राम को पायलट करने वाली पहली कंपनी बनी। इस प्रोग्राम के जरिए महिलाओं को कम्युनिकेशन, टाइम मैनेजमेंट, डिसीजन मेकिंग और फाइनेंशियल लिटरेसी जैसी जरूरी स्किल्स सिखाई जाती हैं।

# ज़्यादालोड, स्मार्ट धुलाई: सैमसंग की नई बिस्पोक एआई वॉशिंग मशीन रेंज भारतीय परिवारों के लिए बेहतरीन विकल्प

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने हाल ही में 12 किलोग्राम की क्षमता वाली 10 नई बड़ी फ्रंट लोड वॉशिंग मशीनों की रेंज लॉन्च की है। यह नई बिस्पोक एआई वॉशिंग मशीनें भारतीय परिवारों की धुलाई की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं, जिससे लॉन्ड्री केयर में एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। यह रेंज भारतीय उपभोक्ताओं की अलग-अलग जरूरतों और पसंद को पूरी तरह से पूरा करती है।



उदाहरण के लिए, सबसे उन्नत फ्लैगशिप 12 किग्रा मॉडल, फ्लैट ग्लास डोर के साथ आता है और इसे ब्लैक और इकोनेवी जैसे प्रीमियम रंगों में पेश किया गया है। इसमें ढ्ढ वॉश की खासियत है, जो एडवांस सेंसिंग तकनीक का इस्तेमाल करके कपड़ों के लोड, वजन, कोमलता, पानी और डिटर्जेंट के स्तर का पता लगाती है। इससे आपको हर बार बेहतरीन धुलाई मिलती है। इसके अलावा, ढ्ढ कंट्रोल सुविधा आपके वॉशिंग पैटर्न को समझकर समय के साथ आपकी जरूरतों के अनुसार काम करती है और ढ्ढ एनर्जी, बिजली की खपत को भी नियंत्रित करती है, जिससे धुलाई आसान और किफायती हो जाती है। स्मार्टथिंग्स ऐप के जरिए ढ्ढ एनर्जी मोड का उपयोग करके आप अपनी बिजली खपत को आसानी से देख सकते हैं और महीने के बिल का अंदाजा भी लगा सकते हैं। इससे कपड़े धोना पर्यावरण के लिए भी बेहतर हो जाता है। इसके अलावा, सुपरस्पीड फीचर धुलाई के समय को घटाकर सिर्फ 39 मिनट काम मेंपूरा कर देता है। क्यू-बबल फीचर से कपड़े गहराई से साफ होते हैं और हाइजीन स्टीम 99.9 प्रतिशत बैक्टीरिया को हटाकर धुलाई को और भी हाइजेनिक बनाता है। डिजिटल इन्वर्टर तकनीक के कारण, ये वॉशिंग मशीनें कम बिजली खर्च करती हैं, कम शोर करती हैं, और लंबे समय तक चलती हैं। इसके साथ ही, आपको 20 साल की वारंटी (मोटर पर) भी मिलती है।

ये वॉशिंग मशीनें स्पेसमैक्स तकनीक के साथ आती हैं, जिससे आप 12 किलोग्राम तक कपड़े धो सकते हैं, वो भी बिना ज्यादा जगह लिए। इस तकनीक से आप कंबल, पर्दे और साड़ियों जैसे बड़े कपड़े भी आसानी से धो सकते हैं। खासकर उन परिवारों के लिए जो बड़े और भारी कपड़े धोते हैं, यह मशीन एकदम सही है। बच्चों वाले और व्यस्त जीवनशैली वाले परिवारों के लिए, स्पेसमैक्स टेक्नोलॉजी एक बार में ज्यादा कपड़े धोने की सुविधा देती है, जिससे समय और मेहनत दोनों बचते हैं।

## पल भर में हम दूसरे सीजन के साथ नेटफ्लिक्स पर लौट आए : कपिल शर्मा

**मुंबई, एजेंसी।** पांच बजे नहीं, छः बजे नहीं, सात बजे नहीं, आठ बजे ड्यूटी शुरू होती है। यदि आप इस गाने को भूले नहीं हैं, तो आपके लिए और भी बहुत कुछ है! कपिल शर्मा, सुनील ग्रोवर, कृष्णा अभिषेक, किकू शारदा, राजीव ठाकुर और अर्चना पूरन सिंह अपनी शानदार हास्य शैली के साथ एक बार फिर लौट रहे हैं, सफल सीजन 1 के बाद। नेटफ्लिक्स ने आज द ग्रेट इंडियन कपिल शो के आगामी दूसरे सीजन का ट्रेलर जारी किया है, और अब सभी शनिवारों का इंतजार हो रहा है, जो 21 सितंबर से हंसी के शनिवार (फनीवार) में बदलने वाले हैं! सीजन 2 भारत और उसकी समृद्ध संस्कृति का उत्सव मनाने का वादा करता है, देश की सुपरस्टार्स के साथ। सम्मानित अभिनेत्री आलिया भट्ट से लेकर दृष्टिवान निर्माता-निर्देशक करण जौहर; सुन्दर और स्टाइलिश सैफ अली खान से लेकर दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग के प्रसिद्ध सुपरस्टार जूनियर एनटीआर और वर्तमान सेंसेशन जान्हवी कपूर तक, दर्शक उन्हें पहले कभी नहीं देखे गए अंदाज में जान सकेंगे। आगामी सीजन के बारे में बात करते हुए, कपिल शर्मा कहते हैं, जैसा कि वादा किया था, हमने ज्यादा समय नहीं लिया और पल भर में हम दूसरे सीजन के साथ नेटफ्लिक्स पर लौट आए हैं।

## पृष्ठ एक के शेष....

**वंदे मेट्रो रेल का...**

नमो भारत रैपिड मेट्रो में सीजन टिकट भी उपलब्ध है। नमो भारत रैपिड रेल में वीकली MST का किराया 7 रुपये, 15 दिन की सीजन टिकट का किराया 15 रुपये और मंथली ट्रेन पास का किराया 20 रुपये है।

**सीईओ ने कई...**

31, (ए ब्लॉक), 31, (बी ब्लॉक), 31 (सी ब्लॉक), 36, 36 केन्द्रीय सहकारी सेवा समिति, सेक्टर-37 की आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी मौजूद थे।

आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों व सेक्टरवासियों ने सीईओ के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। जिसमें जल, सीवर, पार्कों का रखरखाव, अतिक्रमण, पेड़ों की छंटाई, चारदीवारी आदि समस्याएं थीं। आज की बैठक में वर्क सर्किल-1 तथा 2 के तहत आने वाले सेक्टरों की समस्याएं रखी गईं। इस मौके पर सीईओ के अलावा एसीईओ संजय खत्री, सतीश पाल, जल एवं सीवर विभाग के महाप्रबंधक आरपी सिंह, जनस्वास्थ्य विभाग के महाप्रबंधक एसपी सिंह, उपमहाप्रबंधक सिविल विजय रावल, वर्क सर्किल-1 के वरिष्ठ प्रबंधक डोरीलाल वर्मा, जनस्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक आर.के. शर्मा, वर्क सर्किल-2 के वरिष्ठ प्रबंधक विजय रावल के अलावा, उद्यान, विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में फोनरवा के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, महासचिव के.के. जैन, सेक्टर-11 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अनुज गुप्ता, महासचिव निदेश कृष्णन, सेक्टर-12 एवरग्रीन आरडब्ल्यूए अध्यक्ष पुनीत शुक्ला, धवलगिरि एपार्टमेंट आरडब्ल्यूए अध्यक्ष व फोनरवा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक मिश्रा समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

**कंपनी में...**

पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। 21 वर्षीय दलीप सिंह ने अभी हाल ही में इलेक्ट्रिशियन के रूप में ज्वाइन किया था। आरोप है कि कंपनी में बिना सेफ्टी मानकों को पूरा किए ही प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों से काम कराया जा रहा है।

**जहरीला पदार्थ...**

उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**दो घरों के ताले तोड़े**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-49 क्षेत्र स्थित दो घरों से अज्ञात चोरों ने नकदी और गहने समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। थाना सेक्टर-49 पुलिस ने बताया कि सेक्टर-51 निवासी संजय गर्ग ने एफआईआर में बताया कि 14 सितंबर को वह परिवार के साथ घर से बाहर गए हुए थे। जब परिवार के साथ लौटे तो देखा कि प्रवेश द्वार पर लगी कुंडी टूटी हुई है। अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था और गहने और नकदी भी गायब थी। वहीं हरियाणा निवासी संजय शर्मा ने बताया कि उनके ससुर वर्तमान में सेक्टर-47 के जलवायु टावर स्थित फ्लैट लेकर रह रहे हैं। 14 सितंबर को शिकायतकर्ता के ससुर प्रवीण खन्ना जब घर के बाहर थे तभी चोरों ने फ्लैट का ताला तोड़कर अंदर गहने और नकदी की चोरी कर ली।

**खास खबर**

## विष्णु विनोद ने ठोक दिया शानदार शतक

**नई दिल्ली ।** विष्णु विनोद ने केसीएल में शानदार शतक ठोक कर त्रिशूर टाइटंस को 8 विकेट से जीत दिलावा दी। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज ने सिर्फ 45 गेंदों पर 139 रन बनाए। इस दौरान विनोद की स्ट्राइक रेट 300 से भी ऊपर थी। उन्होंने 31 गेंदों पर शतक लगाया और 32 गेंदों में शतक पूरा किया। बीते दिनों दिल्ली प्रीमियर लीग के दौरान आयुष बदोनी ने भी तेजतर्रार बल्लेबाजी से सभी को हैरान कर दिया था। आयुष ने 55 गेंदों पर 19 छक्कों की मदद से 165 रन बनाए जिससे टीम स्कोर 308 तक पहुंच गया था। बहरहाल, रिपल्स ने त्रिशूर के सामने 182 का टारगेट रखा था। विष्णु ने शुरूआत से ही आक्रमक खेल दिखाकर विकेट के चारों ओर बड़े शॉट लगाए। यह विष्णु ही थे कि त्रिशूर टीम ने 13 ओवर के अंदर ही टारगेट पा लिया। विष्णु के सलामी जोड़ीदार अहमद इमरान ने 18 गेंदों में 24 रन बनाए। वहीं, रिपल्स के कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 58 गेंदों में 90 रन बनाकर अपनी टीम को 181 तक पहुंचाया था। केसीएल के आठवें मैच में जीत हासिल कर त्रिशूर टाइटंस अंक तालिका में आगे आ गई है। दोनों पक्ष 6 अंकों के स्तर पर हैं लेकिन टाइटंस बेहतर रन रेट के साथ अच्छी स्थिति में हैं। नाविक 14 अंकों के साथ छह टीमों की तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है।

## विज्ञापन फिल्म में नजर आये अनन्या और शुभमन

**मुम्बई ।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे और क्रिकेटर शुभमन गिल के बीच अफेयर की अटकलें तेज हो गयी हैं। ये अटकलें शुभमन और अनन्या के एक विज्ञापन फिल्म में आने के बाद बढ़ी हैं। इसमें इन दोनो की केमेस्ट्री को लोगों ने काफी पसंद किया है। इसका वीडियो भी जमकर वाइरल हुआ है।
वहीं अनन्या ने इन बातों पर ध्यान न देते हुए अपने पसंदीदा क्रिकेटर के तौर पर शुभमन का नाम बताया है। अनन्या ने कहा कि वह भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली की एक बढ़ी प्रशंसक हैं। लोगों ने शुभमन और अनन्या दोनों की जोड़ी को पसंद करते हुए अपनी ओर से कॉमेंट किए हैं। वीडियो में शुभमन अनन्या को गले लगाते हैं जिससे अफेयर की चचाओं को बल मिला है। एक यूजर ने कॉमेंट किया, अनन्या कितनी लकी हैं कि उन्हें शुभमन के साथ काम करने का मौका मिला। इससे पहले अनन्या और हार्दिक पंड्या का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें दोनों अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में डांस करते नजर आए थे। उस वक्त भी दोनों के बारे में कई तरह की बातें सामने आई थीं पर वह अफवाहें ज्यादा दिन नहीं चलीं। वहीं शुभमन इस समय बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज की तैयारी में लगे हैं।

## शुभमन को आराम दिये जाने की संभावना

**मुम्बई ।** बल्लेबाज शुभमन गिल को बांग्लादेश के खिलाफ सात अक्टूबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए आराम दिया जाएगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड की कार्यभार प्रबंधन नीति के तहत ही शुभमन को ये आराम दिया जा रहा है। शुभमन भारतीय टीम के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैं और उनके इस सत्र में सभी 10 टेस्ट खेलने की उम्मीद है। इसी के तहत ही उन्हें तरोताजा और फिट बने रहने के लिए बोर्ड ने आराम देने का फैसला किया। बीसीसीआई की कार्यभार प्रबंधन नीति के तहत ही खिलाड़ियों को तय समय में ब्रेक दिया जाता है। भारतीय टीम को इस सत्र में अभी न्यूजीलैंड , ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी टीमों से खेलना है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, ह्यहां, शुभमन को बांग्लादेश के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए आराम दिया जाएगा। अगर आप मैचों की सूची देखें तो तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय सात अक्टूबर ग्वालियर, 10 अक्तूबर दिल्ली और 13 अक्तूबर हैदराबाद में खेले जाएंगे। अब न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला टेस्ट 16 अक्टूबर से शुरू होगा। उन्होंने कहा, इसलिए सिर्फ तीन दिन के अंतर के कारण शुभमन को आराम देना जरुरी है।

# डायमंड लीग फाइनल के साथ ही लगातार तीसरी बार दूसरे स्थान पर रहे नीरज

- उम्मीद के अनुसार नहीं रहा सत्र




एजेंसी

**ब्रूसेल्स ।** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के लिए अब तक ये सत्र उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है। ओलंपिक के बाद से ही हर बार कोई न कोई उन्हें टक्कर दे रहा है और उन्हें दूसरा स्थान ही मिल पा रहा है। यहां डायमंड लीग के फाइनल में भी नीरज दूसरे स्थान पर रहे। नीरज फाइनल में 87.86 मीटर का थ्रो किया। तो वहीं, पहले स्थान पर रहने वाले एंडरसन पीटर्स ने उनसे 1 सेमी ज्यादा 87.87 मीटर भाला फेंक कर ट्रॉफी जीती। पहले दोहा डायमंड लीग और पेरिस ओलंपिक में भी वह दूसरे स्थान पर रहे थे। इस प्रकार वह तीन बार दूसरे स्थान पर रहे हैं। इस साल सबसे पहले नीरज दोहा डायमंड लीग में उतरे थे। यहां उन्होंने 88.36 मीटर के थ्रो के साथ अपने 2024 सत्र की शुरूआत की और इस लीग में वह दूसरे स्थान पर रहे थे। वहीं चेकिया के जैकब वाडलेज्ज पहले स्थान पर रहे थे जबकि भारत के ही किशोर जेना नौंवे स्थान पर रहे थे। नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक नहीं जीत पाये थे। उन्हें फाइनल में पाकिस्तान के अरशद नदीम से पिछड़ने के कारण रजत से ही संतोष करना पड़ा था। नीरज ने 89.94 मीटर जबकि नदीम ने 92.97 मीटर का थ्रो किया था। वहीं पिछले ओलंपिक में नीरज ने स्वर्ण पदक जीता था। नीरज के पीछे होने का कारण उनका पूरी तरह से फिट नहीं होना भी एक कारण माना जा रहा है। वह इस साल अपनी चोट के कारण भी पूरी क्षमता से भाला नहीं फेंक पाये हैं।

## मोर्कल ने भारतीय क्रिकेट टीम के नए गेंदबाजी कोच के रूप में कार्यभार संभाला

एजेंसी

**चेन्नई ।** मोर्न मोर्कल बांग्लादेश के खिलाफ क्रिकेट सीरीज से ठीक पहले भारतीय टीम के साथ नये गेंदबाजी कोच के रूप में जुड़ गये हैं। भारतीय टीम को 17 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलनी है। मोर्कल को पारस म्हाम्ब्रे की जगह पर गेंदबाजी कोच बनाया गया है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर मोर्कल ने हाल ही में कहा था कि उन्हें भारतीय खाना भी पसंद है। बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में मोर्कल ने भारतीय खाद्य पदार्थों के प्रति अपनी रुचि व्यक्ति करते हुए कहा, नाश्ते में मुझे थोड़ी सी पूड़ी पसंद है। डोसा और मुर्ग मलाई चिकन भी मेरे पसंदीदा व्यंजन हैं। एक कोच के रूप में यह दिखाना अहम है कि आप स्वस्थ खाना खाते हैं जिससे खिलाड़ी भी इस आदत को अपनाएं। मोर्कल ने भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर के साथ आईपीएल में



लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ काम किया है। भारतीय टीम के साथ अपने नए कार्यकाल को लेकर मोर्कल ने कहा, मैं खिलाड़ियों को समझने की कोशिश कर रहा हूं, मेरा लक्ष्य उनके मजबूत और कमजोर पक्षों को जानना और ठीक करना है। मैं इस श्रृंखला के लिए उनके लक्ष्य तय करने में सहायता करना चाहता हूं। हमें बांग्लादेश के खिलाफ जीत की उम्मीद है और मैं अपने अनुभव को खिलाड़ियों के साथ बांटूगा। मोर्कल ने कहा कि भारतीय टीम का गेंदबाजी कोच बनकर वह बेहद खुश हैं और टीम को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देना चाहते हैं।

# मेरठ मावरिक्स ने यूपी टी20 लीग जीती

**कप्तान माधव ने अंतिम ओवर में छक्का लगाकर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया**

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** कप्तान माधव कौशिक की आक्रामक बल्लेबाजी से मेरठ मावरिक्स ने कानपुर सुपरस्टार्स को फाइनल में 5 विकेट से हराकर पहली बार यूपी टी20 ट्रॉफी जीती है। मेरठ को अंतिम ओवर में जीत के लिए 8 रन बनाने थे और कप्तान माधव ने छक्का लगाकर अपनी टीम को जीत दिला दी।
मेरठ मावरिक्स ने इस मैच में कानपुर सुपरस्टार्स की ओर से रखे गए 191 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19 ओवर और




चार गेंदों में ही 196 रन बना दिये। कप्तान माधव ने नाबाद 69 रन बनाये जबकि स्वास्तिक चिकारा ने 62 रनों की पारी खेली। दिव्यांश राजपूत ने 24 रन बनाए जबकि रितिक वत्स 20 रन बनाकर नाबाद रहे। कानपुर की ओर से तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए।कानपुर सुपरस्टार्स ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान समीर रिज्वी के 57 और शौर्य सिंह के 56 रनों की सहायता से 5 विकेट पर 190 रन बनाए थे। सलामी बल्लेबाज शोएब सिद्दीकी ने 35 रन बनाये जबकि अंकुर मलिक 26 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं मेरठ मावरिक्स की ओर से यश गर्ग ने 4 ओवर में 47 रन देकर 3 विकेट लिए।

## साल में अधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने हेड

एजेंसी

**कार्डिफ ।** ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने इंग्लैंड के खिलाफ हुए दूसरे टी20 में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से एक और रिकार्ड अपने नाम किया है। हेड ने दूसरे टी20 में केवल 14 गेंदों में ही चार चौकों और दो छक्के लगाकर 31 रन बना दिये। इस प्रकार हेड अब एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बना गये हैं। इस प्रकार उन्होंने अपने ही देश के आरोन फिंच को पीछे छोड़ा। इस प्रकार हेड ने के इस साल टी20ई में कुल मिलाकर 33 छक्के हो गये हैं। ये एक कैलेंडर वर्ष के दौरान किसी ऑस्ट्रेलियाई द्वारा लगाये सबसे अधिक छक्के हैं। इससे पहले




साल 2018 में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान फिंच ने 31 छक्के लगाए थे। इस साल हेड ने 15 टी20 में अब तक 38.50 की औसत और 178.47 के स्ट्राइक रेट से 539 रन बनाए हैं, जिसमें 4 अर्धशतक शामिल हैं। हेड हालांकि अपनी आक्रामक पारी के बाद भी अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 6 विकेट पर 193 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को इंग्लैंड ने 19 ओवरों में ही सात विकेट खोकर हासिल कर लिया।

## एशियाई महिला चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी के लिए भारतीय टीम का अभ्यास शुरू



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** 11 से 20 नवंबर तक बिहार के राजगीर स्टेडियम में होने वाली एशियाई महिला चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी के लिए बेंगलुरु में भारतीय टीम का अभ्यास शिविर शुरू हो गया है। ये शिविर भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में 9अक्टूबर तक चलेगा। इस राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भारतीय टीम में शामिल 33 खिलाड़ी भाग ले रही हैं। हॉकी इंडिया ने गत दिवस ही इस राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 33 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की थी। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने इस शिविर को लेकर कहा, राष्ट्रीय महिला कोचिंग शिविर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हमारी तैयारियों को बेहतर करेगा। उन्होंने कहा, यह शिविर हमें उन क्षेत्रों पर काम करने का अवसर देगा जिनमें सुधार की जरुरत है। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी पहली बार राजगीर में आयोजित की जाएगी। ऐसे में हमारी टीम के लिए घरेलू धरती पर अपना

## तीसरे स्थान पर रहे मुरली श्रीशंकर

**पेरिस ।** भारत के मुरली श्रीशंकर ने पेरिस डायमंड लीग में पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल किया। मुरली ने अपने तीसरे प्रयास में अपनी सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाई। 8.09 मीटर के प्रयास ने उन्हें दूसरे स्थान पर रखा, केवल मौजूदा ओलंपिक और डायमंड लीग चैंपियन ग्रीस के मिल्टियाडिस टेंटोग्लू से पीछे, जिन्होंने 8.13 मीटर की छलांग के साथ पेरिस डायमंड लीग जीती। हालांकि, चौथे प्रयास में मुरली के एक फाउल और स्विट्जरलैंड के साइमन एहमर द्वारा 8.11 मीटर की छलांग ने भारतीय लॉन्ग जम्पर को तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया। श्रीशंकर के पांचवें प्रयास में 7.99 मीटर की दूरी थी और उनका छठा प्रयास फाउल के साथ समाप्त हुआ।

# झारखंड राज्य जिम्नास्टिक चैंपियनशिप का सफल आयोजन

**रांची ।** गणपत राय इंडोर स्टेडियम में झारखंड राज्य जिम्नास्टिक चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में झारखंड के जिम्नास्टिक खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्टता और कौशल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में राज्य की कुल 12 टीमें रांची, सेरसा चक्रधरपुर, जामताड़ा, दुमका, धनबाद, गिरीडीह, खूंटी, लोहरदगा, हजारीबाग,देवघर,डे बोर्डिंग, खेलगांव एवं गुमला की टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रांची के जिला खेल पदाधिकारी श्री शिवेन्द्र कुमार, डीआरडीए,रांची के डॉ रितुराज, झारखंड जिम्नास्टिक संघ के उपाध्यक्ष तुलिका श्रीवास्तव, प्रशासनिक सचिव,



दीपक कुमार, कार्यकारी सचिव राजीव कुमार, निर्णायक,विकास गोप, हेमा कुमारी,नीलम, राजवीर उपस्थित थे। इस चैंपियनशिप का उद्घाटन रांची जिले के प्रमुख खेल पदाधिकारी द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने संबोधन में खेलों के प्रति समर्पण और खिलाड़ियों की मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा, जिम्नास्टिक जैसे खेल न केवल शारीरिक फिटनेस के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि यह आत्म-विश्वास और समर्पण भी विकसित करते हैं। हम इस प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें भविष्य में और अधिक सफलता की दिशा में मार्गदर्शित करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। आयोजन के दौरान, दर्शकों ने भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन को भरपूर समर्थन और उत्साह के साथ सराहा। चैंपियनशिप के समापन पर, विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए, जिनमें स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक शामिल थे। इस अवसर पर खिलाड़ियों और उनके प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इस आयोजन की सफलता के बाद, उम्मीद की जा रही है कि यह आगामी वर्षों में और भी बेहतर और व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिससे झारखंड के जिम्नास्टिक खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। इन सभी अतिथियों का स्वागत झारखंड जिम्नास्टिक संघ के पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र से स्वागत किया।

# आज किसी नाम और शोहरत के मोहताज नहीं सूर्यकुमार यादव

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव अपनी तूफानी बल्लेबाजी के कारण सुर्खियों में रहते हैं। उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी फैंस को काफी रस आती है। बता दें कि 14 सितंबर को सूर्यकुमार यादव अपना 34वां जन्मदिन मना रहे हैं। सूर्या ने क्रिकेट में काफी नाम दौलत भी कमाई है। सूर्यकुमार के पास अब करोड़ों की संपत्ति है।
रिपोर्ट के मुताबिक, सूर्यकुमार की नेटवर्थ 2024 में 55 करोड़ के आसपास है। उनकी आईपीएल और बीसीसीआई कॉन्ट्रैक्ट के साथ ब्रांड एंडोर्समेंट से भी अच्छी कमाई होती है। बता दें कि



सूर्यकुमार अपने आईपीएल कॉन्ट्रैक्ट और भारतीय टीम के लिए खेलने से करीब 9 करोड़ रुपये कमाते हैं। बीसीसीआई के ताजा अनुबंध के मुताबिक सूर्या ग्रेड बी कैटेगिरी में हैं। बी ग्रेड वाले खिलाड़ियों को बीसीसीआई सालाना 3 करोड़ रुपये देती है। वहीं आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलकर सूर्यकुमार यादव 8 करोड़ रुपये कमाते हैं। इसके अलावा सूर्या तमाम ब्रेंड के साथ एंडोर्समेंट करते हैं, जिसमें यूनीस्कोलर्स, मैक्सिमा स्मार्टवॉच, बोल्ट ऑडियो, एसएस क्रिकेट, जियो सिनेमा, रॉयल स्टैग, रीबोक, ड्रीम 11 और पिंटोला शामिल है। सूर्यकुमार का मुंबई के अनुशक्ति नगर, चेंबुर में आलीशान फ्लैट है। उसके अलावा पूरे देश भर में उनके पास कई रियल स्टेट प्रोपर्टी हैं। सूर्या की कार कलेक्शन भी कमाल की है। उनके पास मसीर्डीज बेनज, रेंज रोवर वेलार, निशान जोंगा और ऑडी ए6 है।

**कोहली को चेतावनी दे स्टार्क ने कहा**

# मैं मुकाबले का पूरा लुत्फ उठाता हूं

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** आस्ट्रेलिया के स्टार तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने विराट कोहली के साथ अपनी प्रतिद्वंद्विता के बारे में खुलकर कहा है कि वह इस भारतीय बल्लेबाज के खिलाफ मुकाबले का पूरा लुत्फ उठाते हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में यह दोनों क्रिकेटर एक बार फिर आमने-सामने आ रहे है। स्टार्क ने कहा कि मैं कोहली के साथ अपनी जंग का पूरा लुत्फ उठाता हूं। ऐसा इसलिए है क्योंकि हमने एक-दूसरे के खिलाफ काफी क्रिकेट खेली है। उन्होंने कहा




कि हम दोनों के बीच कुछ अच्छे मुकाबले हुए हैं।
ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज स्टार्क ने टेस्ट क्रिकेट में कोहली को केवल चार बार आउट किया है। जबकि भारत की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज का तेज गेंदबाज के खिलाफ औसत 59 है, स्ट्राइक रेट 59.9 है। भारत ने अब ऑस्ट्रेलिया से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। यह श्रृंखला नवंबर, दिसंबर और जनवरी में खेली जाएगी और यह आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का भी हिस्सा होगी। इसमें कोई शक नहीं कि कोहली और स्टार्क के बीच की लड़ाई सीरीज का अहम फैक्टर होगी। बाएं हाथ का तेज गेंदबाज घरेलू परिस्थितियों में एक बेहतरीन खिलाड़ी है, जबकि दूसरी ओर कोहली भी ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में टिके नहीं हैं क्योंकि उन्होंने वहां शानदार क्रिकेट खेली है।

**मीडिया कप फुटबॉल 2024 का रोमांच**

# पहले सेमीफाइनल में दामोदर और मयूराक्षी व दूसरे सेमीफाइनल में शंख की गंगा से होगी भिड़ंत

- खेलगांव के एथलेटिक्स स्टेडियम में सोमवार को खेले जाएंगे दोनों सेमीफाइनल मैच
- दामोदर के अभिषेक और शंख के अमित बने प्लेयर ऑफ द मैच

**रांची।** बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में चल रहे मीडिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन टीम दामोदर और शंख ने मारी बाजी।





दामोदर की टीम ने भैरवी टीम को 5-0 से करारी शिकस्त दी। वहीं दूसरे मुकाबले में शंख ने गंगा को 1-0 से पराजित किया। दामोदर टीम के अभिषेक को बरिष्ठ अधिवक्ता धीरज कुमार और वरिष्ठ पत्रकार विनय मिश्रा ने दिया वहीं शंख के अमित को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रेस क्लब के पूर्व कमेटी के संयुक्त सचिव अभिषेक सिंह और पूर्व कार्यसमिति सदस्य शानू झा ने दिया। टूर्नामेंट का दोनों सेमीफाइनल मैच सोमवार को बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में खेला जाएगा। आगामी 17 सितम्बर की शाम 7 बजे स्टेडियम की दूधिया रौशनी में भव्य फाइनल मैच का समापन होना तय हुआ है। मैच को सफल बनाने में कमेटी के सभी लोगों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



हांगकांग में बैडमिंटन टूर्नामेंट में खेलती हुई इंडोनेशिया की पुर्टी कुसुमा।

**अरण्डी खरीफ की एक प्रमुख तिलहनी फसल है। इसकी खेती देष के शुष्क भागों में की जाती है। अरण्डी के बीज में 45 से 55 प्रतिषत तेल तथा 12-16 प्रतिषत प्रोटीन होता है। इसके तेल में प्रचुर मात्रा में रिसिनोलिक नामक वसा अम्ल पाया जाता हैं जिसके कारण इसका औद्योगिक महत्व अधिक हैं इसके तेल का उपयोग दवाओं मे कार्बन पेपर, पिंरटिक इंक मोम, वार्निष, मरहम, कृत्रिम रेजिन नाइलोन रेषे के निर्माण में व सौनदर्य प्रसाधन सामग्री जैसे क्रीम, केष तेल, साबुन आदि में प्रयोग किया जाता हैं। पशु चिकित्सा में इसका उपयोग जानवरों की कब्ज दूर करने तथा अन्य रोगों में किया जाता है।**

# अरण्डी उत्पादनः प्रमुख रोग, कीट एवं रोकथाम



पिंकी शर्मा, डॉ. पोखर रावल, राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय उदयपुर

## उन्नत किस्में

अरण्डी की मुख्य उन्नत किस्में अरूणा, वरूणा, जीसीएच-4, जीसीएच-5, जीसीएच-7 एवं आरसीएचसी-1 हैं।

## बीजदर एवं बीजोपचार

एक हैक्टर में बुआई करने के लिए लगभग 18-20 किलोग्राम बीज की आवष्यकता होती है। बीज को बोने से पहले उपचारित अवश्य कर लेना चाहिए। बुवाई से पूर्व बीजों को 2 ग्राम कार्बेण्डेजिम एवं 4 ग्राम ट्राईकोडरमा विरिडी प्रति किलोग्राम बीज के हिसाब से उपचारित कर बोना चाहियें।

## प्रमुख रोग, कीट एवं रोकथाम


उकठा या म्लानि (विल्ट)

यह रोग ''फ्यूजेरियम ऑक्सीस्पोरम'' नामक फफूंद से होता है। इस रोग का प्रकोप पौधे की छोटी अवस्था से लेकर पकने तक कभी भी देखा जा सकता है। इस रोग के कारण पौधे छोटी अवस्था में मुरझाने लगते है। रोग ग्रसित पौधे की पत्तियाँ नीचे से उपर की ओर पीली पड़ने लगती है तथा जिससे रोगी पौधों की वृद्धि रूक जाती है, बाद में सम्पूर्ण पौधा सूखकर मर जाता है।

### रोकथामः-

1ग्रमियों में गहरी जुताई करें तथा फसल चक्र अपनावें।

2इस रोग की रोकथाम के लिये थाइरम 3 ग्राम या सैरेसान 2 ग्राम या 1 ग्राम बाविस्टीन प्रति किलोंग्राम बीज के हिसाब से बीजोपचार कर बुआई करें।



## अंगमारी (ब्लाइट)

यह रोग ''अल्टरनेरिया'' नामक फफूंद से उत्पन्न होता है। यह रोग उन क्षेत्रों में अधिक होती हैं जहाँ नमी की मात्रा अधिक होती है। इस रोग के लक्षण पौधों की निचली पत्तियों पर छोटे-छोटे गहरे भूरे रंग के चक्रदार बिन्दुओं के रूप में प्रकट होते हैं जो कि तेजी से बढ़कर एक सेन्टीमीटर तक वृत्ताकार बड़ें धब्बों का रूप ले लेते है तथा कई धब्बे आपस में मिलकर पत्ती के लगभग 30 प्रतिषत भाग को नष्ट कर देते है। अन्त में पत्तियाँ सिकुड जाती है व सूखकर गिर जाती है।

### रोकथामः-

1य़ह एक बीज जनित रोग है अतः इसके नियंत्रण हेतु स्वस्थ व रोग रहित बीजों का उपयोग करें तथा फसल चक्र अपनावें। इसके लिए 2.5 ग्राम थाइराम या केप्टान या एग्रोसेन जी एन 2 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से बीजोपचार करे।

### 2य़ोगरोधी किस्मों की बुआई करे

3य़ोग के लक्षण दिखाई देते ही 0.2 प्रतिषत (2 ग्राम) डायथेन जेड-78 का प्रतिलीटर पानी के हिसाब से घोल बनाकर छिड़काव करें तथा 15 दिन के अन्तराल पर दोहरावें।

## पर्ण धब्बा रोग

इस बीमारी में पहले पत्तियों पर छोटे-छोटे धब्बे उभरते हैं फिर ये बाद में भूरे रंग के बड़े धब्बों में बदल जाते हैं।

### रोकथाम

मेंन्कोजेब 2 ग्राम प्रति लीटर या कार्बेंडाजिम 2 ग्राम प्रति लीटर की दर से 10-15 दिन के अंन्तराल पर 2 छिड़काव करने से बीमारी को कम किया जा सकता है।



## कीट एवं रोकथाम

**सेमीलूपरः-** यह फसल का बहुत ही विनाशकारी कीट है। इसकी तेजी से रेंगने वाली लट जो 3.3-5 सेमी.लम्बी होती है फसल को खाकर कमजोर कर देती है। वर्षा काल (अगस्त से सितम्बर) में इस कीट का अत्यधिक प्रकोप होता है। लट सामान्य रूप से काले भूरे रंग के होती हैं। जिन पर हरी भूरी या भूरी नारँगी धारियाँ भी होती हैं। यह गिडारों की तरह सीधा न चल कर रेंगती हुई चलती है।

**रोकथामः-** इसकी रोकथाम के लिए क्विनालफास 1 लीटर कीटनाशी दवा को 700-800 लीटर पानी में घोल बना कर छिड़काव की जा सकती है।

**तना छेदक कीटः-** तना छेदक कीट की इल्ली गहरे तथा भूरे रंग की होती है यह प्रमुख रूप से अरण्डी के तनों तथा संपुट को खाकर खोखला कर देती है इसकी गिडार 2-3 सेमी.तक लम्बी तथा भूरे रंग की होती है।

**रोकथामः-** इसकी रोकथाम के लिए सर्वप्रथम रोगग्रस्त तनों एवं संपुटों को इकट्ठा करके जला देना चाहिए तथा क्विनालफास 25 ईसी. की 1 लीटर दवा को 700-800 लीटर पानी में घोल छिड़काव कर देना चाहिए।

**रोंये वाली इल्लीः-** खरीफ वाली फसलों में रोयें वाली इल्ली इस फसल को अधिक हानि पहुँचाती है। इस कीट की साल में तीन पीढ़िया होती हैं। इसके गिडार पत्तियों को खाते हैं जो बाद में गिर जाती हैं। खेत में

**रोकथामः-** ज्योंही इस कीट के अण्डे दिखाई दें उन्हें पत्तियां सहित चुनकर जमीन में गाड़ देना चाहिए। शेष कीड़ों की रोकथाम के लिए खेत में इमिडाक्लोरपिड 1 मिली.को 3 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव कर देना चाहिए।

# पपीता के प्रमुख रोग एवं उनका निदान



विवेक कुमार, नरेन्द्र कुमार एवं कमल किशोर सैनी विद्यावाचस्पति शोध अध्येता, राजस्थान कृषि अनुसन्धान संस्थान, दुर्गापुरा जयपुर श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विशविद्यालय, जोबनेर राजस्थान

पपीता सबसे कम समय में फल देने वाला पेड है इसलिए कोई भी इसे लगाना पसंद करता है, पपीता न केवल सरलता से उगाया जाने वाला फल हैए बल्कि जल्दी लाभ देने वाला फल भी है, यह स्वास्थ्यवर्धक तथा लोक प्रिय है, इसी से इसे अमृत घट भी कहा जाता है, पपीता में कई प्रकार के रोग लगते हैं जो की पपीता की उत्पादकता को कम कर देता है ! पपीता की खेती में लगने वाले प्रमुख रोग एवं उनका निदान निम्न प्रकार है !

## कवक जनित रोग

### आर्द्र गलन डैम्पिंग ऑफ

यह पौधशाला में लगने वाला गम्भीर रोग है जिससे काफी हानि होती है। इसका कारक कवक पीथियम एफैनिडरमेटम है जिसका प्रभाव नये अंकुरित पौधों पर होता है। इस रोग में पौधे का तना प्रारम्भिक अवस्था में ही गल जाता है और पौधा मुरझाकर गिर जाता है।

### नियंत्रण के उपाय

➲ पौधशाला में जल निकास का उचित प्रबंध होना चाहिए एवं इसके लिए पौधशाला की उँचाई आस-पास की सतह से उपर होनी चाहिए जिससे जल जमाव न हो।

➲ नर्सरी की मिट्टी का उपचार फार्मेल्डिहाइड के 2.5 प्रतिशत घोल से करने के बाद 48 घंटे तक पॉलिथीन सीट से ढ़क देना चाहिए।

➲ बीजोपचार कार्बेन्डाजिम अथवा मेटालैक्सिल एवं मेन्कोजेब के मिश्रण से 2 ग्रामध्किलो बीज की दर से करें।

➲ पौधशाला में लक्षण दिखते ही मेटालैक्सिल एवं मेन्कोजेब के मिश्रण का 2 ग्राम-लीटर पानी से छिड़काव करें !

### तना तथा जड़ सड़न रोग कालर रॉट

इस रोग में तने के निचले भाग के छाल पर जलीय गीले चकत्ते बनते हैं जो बाद में बढ़कर तनों के चारो तरफ से घेर लेते हैं। तने का उपरी छिलका पतला होकर गलने लगता है। उपरी पत्तियाँ मुरझाकर पीली हो जाती है, और पत्तियाँ गिर जाती है। रोगी पौधे में फल नही बनते हैं और यदि बन जाते हैं तो गिर पड़ते हैं। तने के आधार सड़ जाने के कारण पूरा पौधा टूटकर गिर जाता है। इस कारण जमीन के नीचे जड़े गलने लगती है। पौधे की पत्तियाँ पीली पड़ने लगती है और असमय ही नीचे गिरना आरम्भ कर देती है। बाद में सारी पत्तियाँ गिर जाती है और पौधा गलकर जमीन पर गिर जाता हैं।

### नियंत्रण

➲ बगीचे में जल निकास का उचित प्रबंध होना चाहिए।

➲ रोगी पौधों को जड़ सहित उखाड़कर जला देना चाहिएए और रोगी पौधों के स्थान पर दूसरे नये पौधे नही लगाना चाहिए।

➲ जून, जुलाई और अगस्त के महीने में पौधों पर आधार से 50 से.मी. की ऊँचाई तक बोर्डो मिश्रण लगाने से रोग से बचा जा सकता है।

➲ यदि तने में धब्बे दिखाई देते हों तो मेटालैक्सिल एवं मेन्कोजेब का घोल बनाकर 2 ग्राम/लीटर पानी की दर से पौधे के तने के पास मिट्टी में छिड़काव करना चाहिए।

### फल सड़न रोग

यह पपीते के फल का प्रमुख रोग है। इसके कई कवक कारक हैं जिसमें कोलेटोट्रोईकम ग्लियोस्पोराइड्स प्रमुख है। अध पके एवं पके फल रोगी होते है। इस रोग में फलों के उपर छोटे गोल गीले धब्बे बनते हैं। बाद में ये बढ़कर आपस में मिल जाते हैं तथा इनका रंग भूरा या काला हो जाता हैं। यह रोग फल लगने से लेकर पकने तक लगता है जिसके कारण फल पकने से पहले ही गिर जाते हैं।



### नियंत्रण

➲ कॉपरआक्सीक्लोराईड 2.0 ग्राम/लीटर पानी में या मेन्कोजेब 2.5 ग्राम/लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करने से रोग में कमी आती है।

➲ बगीचे में जल निकास का उचित प्रबंध होना चाहिए।

➲ रोगी पौधों को जड़ सहित उखाड़कर जला देना चाहिए, और रोगी पौधों के स्थान पर दूसरे नये पौधे नही लगाना चाहिए।

### कली एवं फल के तनो का सड़ना

यह पपीता में लगने वाली एक नई बीमारी है जो फ्यूजैरियम सोलनाई नामक कवक के द्वारा लगती है। शुरु में इस रोग के कारण फल तथा कलिका के पास का तना पीला हो जाता है जो बाद में पूरे तने पर फैल जाता है। जिसके कारण फल सिकुड़ जाते हैं तथा बाद में झड़ जाते हैं।

### नियत्रण

➲ इसकी रोकथाम के लिए कॉपरआक्सीक्लोराइड 2 ग्राम प्रति लीटर पानी मे का छिड़काव करना चाहिए।

➲ रोगी पौधों को उखाड़कर जला देना चाहिए।

➲ पपीते के बगीचे के आस-पास कद्दू कुल के पौधे नही होने चाहिए।

### चूर्णी फफूंद

यह रोग ओडियम यूडिकम एवं ओडियम कैरिकी नामक कवक से होता है। इससे प्रभावित पत्तियों पर सफेद चूर्ण जैसा जमाव हो जाता है जो बाद में सूख जाती हैं।

### नियत्रण

➲ इस रोग की रोकथाम के लिए घुलनशील सल्फर 2 ग्राम प्रति लीटर पानी में का छिड़काव करना चाहिए।

➲ रोगी पौधों को उखाड़कर जला देना चाहिए।

➲ पपीते के बगीचे के आस-पास कद्दू कुल के पौधे नही होने चाहिए।

### रिंग स्पॉट रोगध्वलय रोग

पपाया वलय चित्ती विषाणु इस रोग का कारक है। इस रोग में पपीते की पत्तियाँ कटी फटी सी हो जाती हैं तथा हर गांठ पर कटे फटे पत्ते निकलते हैं। पत्तियों के तने तथा फलों पर छोटे गोलाकार धब्बे बन जाते हैं और पौधे की वृद्धि रूक जाती है। पत्ती का डंठल छोटा हो जाता है और पुरानी पत्तियाँ गिर पड़ती है। पत्तियाँ छोटी खुरदरी तथा फफोलेदार हो जाती है। फूल काफी कम लगते हैं, एवं फल का आकार स्वस्थ पौधों की तुलना में काफी कम हो जाता हैं। इस रोग से इस राज्य में पपीते की खेती काफी सीमित होती जा रही है। अगर पहले वर्ष के फल में रोग के लक्षण दिखते है, तो फल तोड़ने के बाद पौधों को उखाड़ देना चाहिए। बरसात के मौसम में इस किस्म में विषाणु वाइरस रोग लगता है जिससे फल का आकार प्रकार विकृत हो जाता है। इससे बचने के लिए खेत के ढ़ंग मे परिवर्तन कर देने से यह रोग नहीं लगता है। इसके लिए सितम्बर माह में बीज नर्सरी या गमलों में बोने चाहि, तथा अक्टूबर-नवम्बर तक पौधे खेत में लगा देने चाहिए। इस तरह प्रथम बरसात का समय रोग मुक्त रखने के लिए बच निकलता है। जाड़े तथा गर्मी में पौधे मजबूत एवं सहनशील हो जाते है। अतः अगले वर्ष बरसात होते ही पपीते के पौधे काफी मात्रा मे फल-फूल देना प्रारंभ कर देते है। अगली बरसात में विषाणु रोग का थोड़ा बहुत प्रकोप होने पर भी फल के गुणों पर कोई खास बुरा प्रभाव नहीं पड़ता है।

## नियंत्रण

- रोगी पौधों को उखाड़कर जला देना चाहिए।
- माहू के नियंत्रण के लिए डाइमेथेएट 1 मिलीध्लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।
- पपीते के बगीचे के आसप़ास कद्दू कुल के पौधे नही होने चाहिए।
- नीम की खली एवं नीम के तेल का प्रयोग करने से भी रोग में कमी आती है।
- वर्षा ऋतु के समाप्ति के बाद पपीता का बाग लगाने पर यह रोग कम दिखाई देता है।

## पर्ण कुंचन रोग

यह पपीते का एक गंभीर विषाणु रोग है। इस रोग के कारण शुरु में पौधों का विकास रुक जाता है और पत्तियाँ गुच्छा नुमा हो जाती है तथा पतियों का आकार छोटा हो जाता है। पत्तियों का उपरी सिरा अन्दर की ओर मुड़ जाता है। प्रभावित पौधों में फूल एवं फल नही लगते हैं।

## नियंत्रण

- सफेद मक्खी के नियंत्रण के लिए डाइमेथेएट 1 मिलीध्लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।
- रोगी पौधों को उखाड़कर जला देना चाहिए।





# एक्शन-थ्रिलर से भरपूर होगी शाहिद-तृप्ति की फिल्म

निर्माता साजिद नाडियाडवाला इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सिकंदर को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें सलमान खान मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। वहीं आज कुछ ही देर पहले साजिद ने अपनी एक और एक्शन-थ्रिलर फिल्म की घोषणा अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर की है। इस फिल्म में पहली बार शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की जोड़ी नजर आएगी। इस फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज करेंगे।

## एक्शन-थ्रिलर से भरपूर होगी शाहिद-तृप्ति की आगामी फिल्म

साजिद नाडियाडवाला ग्रैंडसन के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज ने उनके आगामी प्रोजेक्ट की आधिकारिक घोषणा पोस्ट की। साजिद नाडियाडवाला द्वारा समर्थित और विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित, इस फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। साजिद ने पोस्ट में अपनी, तृप्ति, विशाल और शाहिद की तस्वीर का एक कोलाज साझा किया और पोस्ट पर लिखा, मैं बेहद ही उत्साहित हूं अपने प्रतिभाशाली निर्देशक और मेरे प्रिय मित्र विश्ला भारद्वाज के साथ जुड़ने के लिए। साथ ही पावरहाउस अभिनेता शाहिद कपूर के साथ मिलकर काम करने के लिए बेहद रोमांचित हूं।

## पहले भी कमाल दिखा चुकी है विशाल और शाहिद की जोड़ी

बता दें शाहिद और विशाल इस फिल्म से पहले 2009 में फिल्म कमीने और 2014 में हैदर के साथ बड़े पर्दे पर अपना जादू चला चुके हैं, जिसमें हैदर को सर्वश्रेष्ठ संगीत, संवाद, पार्श्व गायक और सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला था।

## फिल्म की शूटिंग

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म को बड़े पैमाने पर बनाने की योजना बनाई जा रही है। यह एक मिशन-आधारित एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। साजिद नाडियाडवाला इसे सबसे बड़े संभव तरीके से पेश करने के लिए उत्साहित हैं। साजिद और विशाल की जोड़ी का मानना है कि शाहिद कपूर इस भूमिका के लिए सबसे सही अभिनेता हैं। फिल्म के लिए छह बड़े एक्शन सेट बनाने की योजना चल रही है। सबकुछ सही रहा तो यह फिल्म सितंबर या फिर अक्टूबर 2024 से फ्लोर पर आएगी और इसे भारत और अमेरिका में बड़े पैमाने पर शूट किया जाएगा। फिलहाल, साजिद नाडियाडवाला सलमान खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म सिकंदर की शूटिंग में भी व्यस्त हैं। एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित इस हार्ड-कोर एक्शन एंटरटेनर में रश्मिका मंदाना, काजल अग्रवाल, प्रतीक बब्बर और सत्यराज महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। यह अगले साल ईद 2025 पर रिलीज होगी।



# इन फिल्मों से बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने को तैयार हैं आलिया

अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपने अब तक के करियर में एक से बढ़कर एक शानदार फिल्में की हैं। वह बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में से एक हैं। पिछले दो वर्षों में अभिनेत्री ने कई हिट फिल्में दी हैं। आलिया ने अपनी अदाकारी से दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों की ही सराहना प्राप्त की है। अभिनेत्री की आने वाली फिल्मों की लिस्ट में कई शानदार और बड़ी फिल्में शामिल हैं। आइए जानते हैं आलिया की कौन-कौन सी फिल्में आने वाली हैं।

## अल्फा

आलिया भट्ट यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स 'अल्फा' का हिस्सा बन चुकी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह इसकी शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म में आलिया अपने एक्शन अवतार में नजर आएंगी। उनके साथ अभिनेत्री शरवरी वाघ भी फिल्म में हैं। आलिया की इस फिल्म में बॉबी देओल विलेन की भूमिका में नजर आएंगे।

## जिगरा

करण जौहर के बैनर धर्मा प्रोडक्शन के अंतर्गत बनी फिल्म 'जिगरा' का धांसू ट्रेलर हाल ही में लॉन्च हुआ है। इस फिल्म में वह एक्शन करते हुए नजर आई हैं। ट्रेलर में देखा गया कि आलिया अपने भाई के लिए खूब संघर्ष करती हैं। यह फिल्म भाई-बहन के खास रिश्ते पर होगी।

## लव एंड वॉर

हाल ही में संजय लीला भंसाली ने आलिया भट्ट के साथ फिल्म का एलान किया है। इस फिल्म का नाम 'लव एंड वॉर' है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में वह रणबीर कपूर और विक्की कौशल के साथ नजर आएंगी। इस फिल्म के अगले साल के अंत तक रिलीज होने की उम्मीद है।

## ब्रह्मास्त्र 2

साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म ब्रह्मास्त्र में आलिया भट्ट ने अहम भूमिका निभाई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसके दूसरे भाग पर भी काम चल रहा है। फिल्म के दूसरे भाग में भी आलिया भट्ट नजर आएंगी।

# आइटम सॉन्ग को ऑब्जेक्टिफाई करती है मीडिया



प्रभु देवा और वेधिका अपनी अगली फिल्म पेट्टा रैप के प्रमोशन में जोरो-शोरों से जुटे हुए हैं। इस फिल्म में सनी लियोनी भी विशेष भूमिका निभाएंगी। वहीं, हाल ही में सनी फिल्म के प्रमोशन के लिए कोच्चि पहुंचीं। इसी दौरान उन्होंने बातचीत में आइटम सॉन्ग को ऑब्जेक्टिफाई किए जाने पर बात की। उन्होंने इसका जिम्मेदार मीडिया को ठहराया और उनसे आग्रह किया कि उन्हें ऑब्जेक्टिफिकेशन शब्द का इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए।

सनी लियोनी के मुताबिक, मीडिया ही महिलाओं के लिए ऑब्जेक्टिफिकेशन शब्द का इस्तेमाल करता है। उन्होंने कहा, केवल मीडिया ही है जो ऑब्जेक्टिफिकेशन शब्द का उपयोग कर रहा है। इन गानों की वजह से हजारों लोग सिनेमाघर में फिल्में देखने आते हैं। यह ऑब्जेक्टिफिकेशन नहीं है, यह मनोरंजन प्रदान कर रहा है और हम यहां दर्शकों को वह प्रदान करने के लिए हैं। सनी लियोनी ने अपनी बात में आगे जोड़ा, हमें इस शब्द का प्रयोग बंद करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि सिनेमा फिर से शीर्ष पर हो, अन्यथा हममें से किसी के पास नौकरी नहीं होगी। जब आप टिकट खरीदते हैं तो यह अभिनेताओं के लिए बहुत मायने रखता है। कृपया सुनिश्चित करें कि आप आने वाली हर फिल्म का समर्थन करें।

पेट्टा रैप की बात करें तो इसे मलयाली फिल्म निर्माता एस जे सिनू ने तमिल में निर्देशित है। इसमें मलयाली अभिनेता कलाभवन शाजोन, रियास खान सहित अन्य कलाकार शामिल हैं। फिल्म का निर्माण ब्लू हिल फिल्म्स के बैनर तले जॉबी सैम ने किया है। यह एक म्यूजिकल पारिवारिक ड्रामा है। वहीं, निर्देशक एस जे सिनू ने खुलासा किया कि शुरुआत में उनकी प्रभु देवा को फिल्म में मुख्य अभिनेता के रूप में लेने की कोई योजना नहीं थी। निर्देशक ने कहा, पटकथा लेखक डिनिल पीके एक मलयालम फिल्म की योजना के साथ मेरे पास आए। जब मैंने इसे पढ़ा, तो इसमें बहुत सारे डांस मूव्स और सीक्वेंस थे। हमने नहीं सोचा था कि केरल में ऐसा अभिनेता ढूंढना आसान होगा जो संपूर्ण नृत्य संगीत का हिस्सा बन सके। यही कारण है कि हमने तमिल में फिल्म बनाने का फैसला किया और प्रभु देवा को इस फिल्म के लिए चुना। फिल्म 27 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# धमाकेदार प्रोजेक्ट का हिस्सा बनेंगे सना-एल्विश

बिग बॉस ओटीटी 3 की विजेता सना मकबूल अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। सना बिग बॉस ओटीटी 3 के बाद से ही लाइमलाइट में बनी रहती हैं।

सना पिछले दिनों श्रीकांत के साथ अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में थीं। अब हाल ही में, सना बिग बॉस ओटीटी 2 के विजेता एल्विश यादव के साथ नजर आई थीं। जब सना से पूछा गया कि क्या दोनों साथ में किसी प्रोजेक्ट में साथ नजर आएंगी। इस पर सना ने झ्र१कहा कि साथ नजर आए हैं तो साथ कुछ जरूरी है।



# अभिनेत्री नयनतारा का एक्स अकाउंट हुआ हैक, पोस्ट कर प्रशंसकों को किया सावधान

साउथ की सुपरस्टार अभिनेत्री नयनतारा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि उनका एक्स अकाउंट हैक हो गया है। 'जवान' अभिनेत्री ने अपने प्रशंसकों के साथ स्थिति के बारे में बताया। अभिनेत्री ने पोस्ट करते हुए अनुरोध किया कि उनके प्रशंसक उनके अकाउंट से होने वाले किसी भी असामान्य गतिविधि या पोस्ट को अनदेखा कर दें।

## पोस्ट में क्या लिखा?

नयनतारा ने पोस्ट करते हुए लिखा, 'अकाउंट हैक हो गया है। कृपया पोस्ट किए जा रहे किसी भी अनावश्यक या अजीब ट्वीट को अनदेखा करें।' यह घोषणा एक्स पर उनकी आखिरी पोस्ट के बाद हुई, जिसे इस महीने की शुरुआत में शाहरुख खान अभिनीत 'जवान' की एक साल पूरे होने के अवसर पर साझा किया गया था।

## पोस्ट में जताया था आभार

पोस्ट में, नयनतारा ने फिल्म की सफलता का जश्न मनाते हुए लिखा, 'जवान के एक साल चीफ एटली की ओर से बधाई, शाहरुख खान, विजय सेतुपति, और प्रशंसकों ने इसे बहुत बड़ा बना दिया।' बता दें कि अभिनेत्री ने पिछले साल शाहरुख खान के साथ जवान में बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की थी।

# शख्स ने पूछी अब तक शादी न करने की वजह, श्रुति हासन ने जवाब से बोलती बंद की



कमल हासन की बेटी श्रुति हासन की गिनती दक्षित भारत की सबसे खूबसूरत अभिनेत्रियों में होती है। वह जल्द ही सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली में नजर आने वाली हैं। लोकेश कनगराज के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को लेकर वह काफी ज्यादा उत्साहित हैं। अभिनय के अलावा श्रुति अपने बेबाक अंदाज के लिए भी काफी ज्यादा मशहूर हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपने जवाब से लोगों के मुंह बंद कर दिया करती हैं। हाल ही में उनकी ओर से आयोजित एक सवाल जवाब के सत्र में भी ऐसा ही कुछ देखने को मिला। दरअसल, श्रुति ने लोगों से कोई भी सवाल करने के लिए एक सत्र रखा था। इस दौरान जब एक शख्स ने उनसे पूछा कि आपने अभी तक शादी क्यों नहीं की?

इस सवाल का मजेदार जवाब देते हुए श्रुति ने शख्स की बोलती बंद कर दी। अभिनेत्री ने एक खास तरह का फिल्टर यूज कर कहा, आप अभी तक मूर्ख क्यों हैं। बता दें कि हाल ही में श्रुति हासन का शांतनु हजारिका से ब्रेकअप हुआ है। श्रुति हासन और शांतनु हजारिका मुंबई में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। दोनों अक्सर एक दूसरे के साथ अपनी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया करते थे। हालांकि, कुछ ही वर्षों में दोनों का रिश्ता टूट गया। इस साल मई के महीने में अभिनेत्री ने बताया था कि सिंगल हैं। श्रुति हासन ने इस सवाल जवाब वाले सत्र में रजनीकांत की कुली पर भी अपडेट दिया है। उन्होंने कहा, यह बहुत बढ़िया चल रहा है। पहला शेड्यूल पूरा हो चुका है। इस फिल्म में वह प्रीति की लड़की की भूमिका निभाएंगी। इसके अलावा श्रुति ने कहा कि वह एक रोमांटिक-कॉमेडी करना चाहती हैं। हालांकि, उन्हें अभी तक कोई उपयुक्त स्क्रिप्ट नहीं मिली है। वर्क फ्रंट की बात करें तो कुली के अलावा वह अदिवी शेष के साथ डकैत में भी नजर आएंगी।



# 'जो तेरा है वो मेरा है' का हिस्सा बनकर उत्साहित हैं परेश रावल

**अभिनेता परेश रावल प्रशंसकों के लिए लिए एक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म को लेकर वह काफी उत्साहित भी हैं। परेश रावल अमित सियाल और सोनाली कुलकर्णी के साथ जो तेरा है वो मेरा है नाम की फिल्म के साथ दर्शकों को गुदगुदाने की तैयारी में हैं।**

जो तेरा है वो मेरा है का ट्रेलर शुक्रवार को निर्माताओं ने जारी किया, जिसका निर्देशन राज त्रिवेदी ने किया है। ट्रेलर में चाय बेचने वाले से ठग बने मितेश मेघानी (अमित सियाल) के जीवन, उसकी गलतफहमियों और मजेदार कारनामों की झलक दिखाई गई है। मितेश एक बूढ़े व्यक्ति (परेश रावल) को धोखा देकर अपने परिवार का प्यार पाने की कोशिश करता है।

## फिल्म का हिस्सा बनकर उत्साहित हैं परेश रावल

इस फिल्म को लेकर अभिनेता परेश रावल काफी उत्साहित हैं। अभिनेता ने फिल्म की टीम द्वारा साझा किए गए एक प्रेस नोट में कहा, 'जो तेरा है वो मेरा है' एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है जो हास्य को खूबसूरती से दिखाता है। स्क्रिप्ट बहुत ही मजेदार थी और इस कहानी को जीवंत करना अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद रहा है। कॉमेडी, हालांकि, अक्सर हल्के-फुल्के अंदाज में देखी जाती है, लेकिन इसके लिए बहुत अधिक कौशल और समर्पण की आवश्यकता होती है और इस फिल्म पर काम करना इसका एक सच्चा प्रमाण है। अजय राय के नेतृत्व वाली ऐसी शानदार टीम के साथ काम करना बहुत अच्छा रहा।'

## इस दिन होगी रिलीज

परेश रावल ने कहा, 'अमित सियाल, सोनाली कुलकर्णी और बाकी प्रतिभाशाली कलाकारों और क्रू के साथ काम करना एक परम आनंद रहा है - सेट पर हर दिन हंसी और मस्ती से भरा था। जियो स्टूडियो ने ऐसी शानदार स्क्रिप्ट चुनी हैं जिसका आनंद आप अब जियो सिनेमा पर अपने घर बैठे ले सकते हैं। मैं दर्शकों को हमारे द्वारा दिखाए गए ड्रामा का अनुभव करने और हमारी फिल्म पर उनकी प्रतिक्रियाएं सुनने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।' 'जो तेरा है वो मेरा है' जियो सिनेमा पर 20 सितंबर से प्रसारित होगी।

# युध्रा के लिए सिद्धांत चतुर्वेदी ने 20 किलो वजन किया काम



सिद्धांत चतुर्वेदी इन दिनों अपनी फिल्म युध्रा को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। इस फिल्म में अभिनेता एक्शन अवतार में नजर आएंगे।

खबर है कि सिद्धांत ने फिल्म के लिए 20 किलो वजन भी कम किया है और फैंस उनके इस ट्रांसफॉर्मेशन के मुरीद हो रहे हैं।

फिल्म के निर्देशक ने बताया कि हां एक जवान कडैट दिखने के लिए सिद्धांत ने वजन घटाया है। निर्देशक ने आगे बताया कि सिद्धांत ने फिल्म के लिए मार्शल आर्ट्स भी सीखा है। फिल्म युध्रा 20 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# प्रापर्टी विवाद में गोली मारकर हत्या, आरोपी फरार

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-142 क्षेत्र में एक व्यक्ति की रविवार शाम को गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है मृतक का प्रॉपर्टी को लेकर खोड़ा कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति से विवाद चल रहा था। मृतक की पत्नी ने इसी विवाद के चलते भाड़े के बदमाशों से हत्या की आशंका जाहिर की है।




थाना सेक्टर-142 के प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज सिंह ने बताया कि रविवार रात 7 बजे के करीब सेक्टर-137 मेट्रो स्टेशन के पीछे नवेंद्र झा नाम के व्यक्ति को गोली मार दी गई। उन्होंने बताया कि अत्यंत गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए सेक्टर-137 स्थित फेलिक्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां पर उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच में पता चला कि मृतक का सेक्टर-82 की एक प्रॉपर्टी को लेकर नीरज गुप्ता नाम के व्यक्ति से विवाद चल रहा है। यह विवाद अदालत में विचाराधीन है। उन्होने बताया कि दो पक्षो में प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा है। ऐसी विवाद के चलते नवेंद्र झा की गोली मार कर हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीम में बनाई गई है। आरोपी जल्द पकड़े जायेगे।

# श्री सनातन धर्म रामलीला का हुआ भूमिपूजन, मंचन 3 से





**नोएडा (चेतना मंच)।** श्री सनातन धर्म रामलीला समिति नोएडा द्वारा 39 वर्षो के सार्थक प्रयास नोएडा स्टेडियम के रामलीला मैदान में भूमि पूजन एवं हवन कराकर रामलीला मंचन के लिए पूजन किया गया।

जिसमें गौतमबुद्धनगर सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री, डा. महेश शर्मा, उप्र राज्य पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष विमला बाथम, उप्र कृषि अनुसंधान बोर्ड के चेयरमैन व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त कैप्टन विकास गुप्ता, विधायक नोएडा पंकज सिंह के भाई अनिल, डा. वीएस चौहान, टी.एन. चैरसिया रामलीला समिति के अध्यक्ष टी.एन. गोविल और शहर के गणमान्य अतिथियों एवं नोएडा की सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारीगण रामलीला मंचन करने आए कलाकार भी भूमि पूजन में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम में श्री सनातन धर्म रामलीला समिति के सुशील भारद्वाज, चेयरमैन टी.एन. गोविल, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, अल्पेश गर्ग, रमेश कुमार, एस.के.एस. राणा, प्रताप मेहता, पंकज जिंदल, विनय शर्मा, लोकेश कश्यप, अशोक मिश्रा, एन.के. अग्रवाल, मित्रा शर्मा, सतनारायण गोयल, तरुण, राज, विकास जैन, तरूण गोयल, संजय गोयल, अनिल गुप्ता,एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हन, राकेश कोली, राकेश कत्याल, बीके सेठ, भूपेंद्र सिंह, विनय शर्मा, अनूप शर्मा, वीरेश तिवारी आदि काफी संख्या में वरिष्ठ पदाधिकारी एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

# से.-12 में हुआ रामलीला भूमि पूजन

**नोएडा (चेतना मंच)।** बजरंग रामलीला संचालिका समिति ने सेक्टर-12 के आदर्श प्राथमिक विद्यालय में भूमि पूजन किया। इस दौरान बजरंग रामलीला संचालिका समिति के निर्देशक अशोक कुमार पांडेय और सचिव एवं मीडिया प्रभारी विनय जोशी ने बताया कि उनकी कमेटी के मंचन में रामायण आधारित कई नवीन प्रसंग को इस बार मंचन में दिखाया जाएगा।



उन्होंने बताया कि इस वर्ष रावण की भूमिका गुरु दयाल विज, राम की भूमिका में कमलाकर त्रिपाठी, लक्ष्मण की भूमिका में पद्माकर त्रिपाठी, हनुमान की भूमिका में हरी शंकर त्रिपाठी, दसरथ की भूमिका में अशोक पांडे निभाएगगे।

इस मौके पर मुख्य संरक्षक राधाकृष्ण गर्ग, अध्यक्ष कुलभूषण राय नगर, कार्यकारी अध्यक्ष नितिन पांडे, उपाध्यक्ष आलोक अग्रवाल, सचिव एसएन पांडेय, विनय जोशी, हरिशंकर त्रिपाठी, संयुक्त सचिव देवेश राय, गुरु दयाल विज, मुकेश सिंह, सह सचिव मनोज तिवारी, गौरव गोगना, कोषाध्यक्ष कमलाकर त्रिपाठी, सह कोषाध्यक्ष राहुल पांडे, पद्माकर त्रिपाठी, निर्देशक अशोक कुमार पांडे समेत कई लोग मौजूद रहे।

# डीएम X हैंडिल हैक मामले में कार्रवाई पर संदेह, सीबीआई जांच की मांग

**नोएडा (चेतना मंच)।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने डीएम नोएडा के आधिकारिक एक्स हैंडल से कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत्र के पोस्ट पर राहुल गांधी पर विवादित पोस्ट के बाद डीएम के एक्स हैंडल को हैक बताकर एफआईआर दर्ज कर की गई गिरफ्तारी पर सवाल उठाए हैं।



उन्होंने कहा कि जिस प्रकार डीएम नोएडा के स्तर से अपना एक्स हैंडल हैक बताते हुए उनके एक अफसर द्वारा एफआईआर दर्ज कराकर आनन-फानन में उत्तर प्रदेश सूचना केंद्र में कार्यरत एक संविदा कर्मी को गिरफ्तार किया गया, वह प्रथमदृष्टया इस मामले में डीएम नोएडा तथा उत्तर प्रदेश की नौकरशाही को बचाने का स्पष्ट प्रयास दिखता है।

उन्होंने कहा कि पुलिस की अब तक की कार्यवाही स्पष्टतया संदिग्ध है। अतः उन्होंने इस मामले में सच्चाई सामने लाने के लिए सीबीआई जांच की मांग की है।

# भाजयुमो ने अखिलेश यादव का पुतला फूंका

**नोएडा (चेतना मंच)।** प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भारतीय जनता युवा मोर्चा नोएडा महानगर के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव के नेतृत्व में अखिलेश यादव द्वारा अभद्र टिप्पणी महंत व मठाधीशों को माफिया कहने के विरोध में अखिलेश यादव का पुतला फूंका।



इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव के विरोध में जमकर नारेबाजी की तथा समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को आतंकवादियों का संरक्षण देने वाली पार्टी बताया।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जोगी, कालू पंडित, प्रवीण चौहान, रवि वाल्मीकि, आकाश चौहान, मनीष तिवारी, अनिकेत चौहान, अनिल मास्टर, अशोक यादव, सुधांशु यादव, शिवम शर्मा, उत्कर्ष मिश्रा, लेखराज बेनीवाल, ललित शर्मा, नीरज शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीसीपी समेत कई पुलिस अफसरों को किया सम्मानित

**नोएडा (चेतना मंच)।** विद्या के भरोसे ट्रस्ट और उत्तराखण्ड अभिभावक संघ द्वारा सेक्टर-56 में पुलिस का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें डीसीपी नोएडा जोन रामबदन सिंह, एडीसीपी मनीष मिश्रा, एसीपी शैव्या गोयल, सेक्टर-58 कोतवाली प्रभारी अमित कुमार तथा चौकी प्रभारी सुधीर कुमार को ट्रॉफी, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र और फूलमाला देकर सम्मानित किया गया। विगत कुछ दिनों पहले दो स्कूली छात्रों को 48 घंटे से पहले ही पुलिस ने सकुशल ढूंढ लिया था, परिजनों ने सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।




संतोष खंडूरी ने कहा कि लोगों को अब पुलिस की पुरानी छवि दिमाग से हटाने पड़ेगी क्योंकि गौतमबुद्धनगर की पुलिस जहाँ समाज के लिए स्मार्ट, फास्ट, फ्रेंडली है। वहीं अपराधियों के लिए कठोर भी है। डीसीपी ने अभिभावकों को बच्चों की सुरक्षा शिक्षा और भविष्य को लेकर चर्चा की।

इस कार्यक्रम में आरडब्ल्यूए अध्यक्ष संजय मावी, जीके बंसल, हरीश जुगरान, मनोज कटारिया, कपिल शर्मा, संतोष खंडूरी, नरेश रावत, देवेंद्र रावत, पुष्कर राज, मोहित, महेश डंडरियाल, सुनील, गिरिजानंद, भूपेंद्र आदि मौजूद रहे।

# वीर कुंवर सिंह शोध संस्थान के अध्यक्ष बने प्रेम चौहान



**नोएडा (चेतना मंच)।** राजपूत संस्था वीर कुंवर सिंह शोध संस्थान सेक्टर-62 में एक आमसभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर वीएस चौहान अध्यक्ष प्रकाश हॉस्पिटल ने की।

बैठक में प्रेम चौहान ग्राम मामूरा का नाम अध्यक्ष पद के लिए सुरेंद्र प्रधान ग्राम सदरपुर की तरफ से प्रस्तावित किया गया। इसके समर्थन में डॉ. आनंद चौहान संस्थापक एमिटी ग्रुप, ओमवीर राणा, सुधीर नंबरदार, रवि प्रधान, चमन प्रधान, धर्मपाल चौहान, केपी सिंह, करण सिंह चौहान, श्याम सिंह चौहान, संजय चौहान, रोहतास चौहान, राजपाल चौहान, सुंदर राणा, टीपी चौहान, नवीन चौहान,वीरेंद्र सिंह , नीरज चौहान आदि ने किया ।

इस अवसर पर मनोज चौहान, अशोक चौहान, एनपी सिंह, जुगराज चौहान, भूतपूर्व विधायक व मंत्री मदन चौहान, निवर्तमान अध्यक्ष ठाकुर मानसिंह चौहान, करतार चौहान नेताजी आदि ट्रस्ट मौजूद सभी सम्मानित सदस्य शामिल रहे।

# दांतों की बीमारी को हल्के में न लें, वर्ना होगी मुश्किल: डा. गीतिमा खन्ना

**नोएडा (चेतना मंच)।** देश में लोग खाने-पीने व अन्य शौकों में तो हाथ खोलकर




खर्च कर देते हैं। लेकिन शरीर को स्वस्थ्य रखने के प्रमुख भूमिका निभाने वाले दांतों का जरा भी ख्याल नहीं रखते हैं। अनपढ़ व ग्रामीणों के अलावा अक्सर शहरी व पढ़े-लिखे लोगों में भी यह लापरवाही देखी जाती है। यदि नियमित दांतों की देखभाल व डाक्टरों की सलाह ली जाए तो दांतों में कभी कोई दिक्कत नहीं होगी। यह कहना है वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डा. गीतिमा खन्ना का।

सेक्टर-40 बी ब्लॉक में डेंटल सोल्यूशंस वन केयर क्लीनिक चलाने वाली डा. गीतिमा खन्ना पेडियाट्रिक डेंटिस्ट हैं। एमडीएस की डिग्री प्राप्त डा. गीतिमा खन्ना का कहना है कि 4-5 वर्ष के बच्चों को टूथ पेस्ट का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। आप साधारण कुल्ला आदि करा सकते हैं ताकि दांतों में दूध वगैरह जमकर वैक्टीरिया पैदा न हो। उन्होंने कहा कि खाना खाने के बाद रात में पेस्ट जरूर करना चाहिए तथा सुबह भी पेस्ट करना ही चाहिए। वैसे भी खाने-पीने के बाद कुल्ला जरूर करना चाहिए। इससे दांतों में खाद्य पदार्थ बाहर निकल आता है।

**किस पेस्ट का इस्तेमाल करें?** इस सवाल पर डा. गीतिमा खन्ना का कहना है कि बाजार में मिलने वाले सभी पेस्ट सही हैं। लेकिन अधिक फ्लोराइड वाले पेस्ट शरीर के लिए घातक साबित होते हैं। यह सच है कि फ्लोराइड दांतों के लिए रामबाण है। लेकिन एक निश्चित मात्रा तक।

गंदे दांतों को साफ करने तथा दांतों के दाग मिटाने के लिए सफाई पर उनका कहना है कि इससे दांतों का एनेमिल नष्ट हो जाता है। किसी भी दवाई से एनेमिल दोबारा प्राप्त नहीं किया जा सकता। एनेमिल हटने से अक्सर दांतों में ठंडे-गर्म पानी के लगने तथा टीस आदि की समस्या पैदा हो सकती है। डा. गीतिमा खन्ना की सलाह है कि दांतों में किसी प्रकार की समस्या होने पर कुशल दंत चिकित्सक की सलाह जरूर लेनी चाहिए। इससे आगे चलकर दांतों को नुकसान तथा बीमारी बढ़ने की संभावना खत्म हो जाती है। उनकी सलाह है कि कम से कम 6 माह में एक बार दांतों की जांच बहुत जरूरी है। यदि दांत स्वस्थ हैं तो शरीर भी स्वस्थ रहेगा। दांतों की यदि लापरवाही की तो आगे बड़ी समस्या पैदा हो सकती है।

